स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, सोमवार
15 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 293 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
**मूल्य : 3 रुपये**

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net



सूर्यवंशी 10 साल की उम्र से रोजाना लगभग 100 ओवर बल्लेबाजी अभ्यास करता था: कोच ओझा

# भारत दुनिया को समाधान देने वाला देश

## नीस में पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की द्विपक्षीय वार्ता



**नई दिल्ली/नीस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने रक्षा, अर्धचालक (सेमीकंडक्टर), अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, निवेश और रणनीतिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत

■ **रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग पर जोर**

डोभाल, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने संयुक्त रूप से 'भारत इनोवेट्स-2026' कार्यक्रम का उद्घाटन किया, जिसमें भारत, फ्रांस और अन्य देशों के नवाचार आधारित उद्यमों तथा निवेश कोषों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस का रिश्ता केवल व्यापार या रणनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विश्वास, साझा मूल्यों और साझा लक्ष्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर वैश्विक चुनौतियों के समाधान की दिशा में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अब केवल समाधान लेने वाला देश नहीं, बल्कि दुनिया को समाधान देने वाला राष्ट्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष विज्ञान जैसी उभरती तकनीकें भविष्य की दिशा तय करेंगी और भारत इन क्षेत्रों में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि 'भारत इनोवेट्स-2026' भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय निवेश को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। इससे भारतीय नवाचार आधारित उद्यमों, युवा उद्यमियों और नए विचारों को वैश्विक निवेशकों तथा विशेषज्ञों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि कार्यक्रम में 100 से अधिक नवाचार आधारित उद्यम शामिल हुए हैं, जबकि भारत में ऐसे उद्यमों की संख्या दो लाख से अधिक है। ये उद्यम न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को नई गति दे रहे हैं, बल्कि वैश्विक तकनीकी विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्पति इमैनुएल मैक्रों ने भारत की नवाचार क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्र में भारत दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत हर वर्ष इतनी बड़ी संख्या में इंजीनियर तैयार करता है, जितने यूरोप और अमेरिका मिलकर भी नहीं कर पाते। राष्टपति मैक्रों ने कहा कि अब सवाल यह नहीं है कि भारत नवाचार करता है या नहीं, बल्कि यह है कि दुनिया में कौन भारत के साथ मिलकर नवाचार करना चाहता है। कार्यक्रम के बाद राष्टपति इमैनुएल मैक्रों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नीस के निकट स्थित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर 'विला केरीलोस' लेकर गए। दोनों नेताओं ने वहां अनौपचारिक बातचीत की और परिसर का भ्रमण किया। राष्टपति मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक सेल्फी लेकर उसे सामाजिक मंच 'एक्स' पर साझा भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 से 17 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर हैं। इस दौरान वह 17 जून को फ्रांस के एवियान में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन के अवसर पर उनकी कई वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ताएं भी प्रस्तावित हैं, जिनमें व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

# ओमान तट के पास डूबी भारतीयों से भरी नौका



**मस्कट।** ओमान के तट के पास समुद्र में एक बड़ा हादसा टल गया, जब 14 भारतीय नागरिकों को लेकर जा रही एक पारंपरिक नौका अचानक संकट में फंसकर डूबने लगी। घटना की

■ **अमेरिका ने तुरंत पहुंचाई मदद**

■ **सभी 14 लोग सुरक्षित**

सूचना मिलते ही अमेरिकी नौसेना, भारतीय नौसेना और पास से गुजर रहे एक व्यापारी जहाज ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान शुरू किया। समय रहते सभी 14 भारतीयों को जीवनरक्षक नौका (लाइफ राफ्ट) में सुरक्षित पहुंचा दिया गया। अधिकारियों के अनुसार यह घटना ओमान के रास अल हद्द से लगभग 80 नॉटिकल मील पूर्व में हुई। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 14 जून की सुबह अमेरिकी नौसेना को सूचना मिली कि भारतीय नागरिकों को लेकर जा रही नौका संकट में है और उसके डूबने का खतरा पैदा हो गया है। इसके बाद अमेरिकी नौसेना ने तटीय अधिकारियों और भारतीय नौसेना को अलर्ट किया। अमेरिकी नौसेना के पी-8 समुद्री निगरानी विमान ने तुरंत मौके पर पहुंचकर एक जीवनरक्षक नौका समुद्र में गिराई और पूरी निकासी प्रक्रिया पर नजर रखी। नौका पर सवार सभी 14 लोग सुरक्षित रूप से इस जीवनरक्षक नौका में पहुंच गए। इसके साथ ही भारतीय नौसेना के जहाजों को भी घटनास्थल की ओर रवाना किया गया ताकि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सहायता दी जा सके।

यह घटना ऐसे समय हुई है जब ओमान और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास का समुद्री क्षेत्र सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील बना हुआ है। हाल के महीनों में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के कारण इस क्षेत्र में जहाजरानी और समुद्री गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य से बड़ी मात्रा में तेल और व्यापारिक सामान की आवाजाही होती है। ऐसे माहौल में समुद्र में किसी भी आपात स्थिति को गंभीरता से लिया जा रहा है। हालांकि इस मामले में सभी भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जिससे एक संभावित बड़ी समुद्री त्रासदी टल गई। फिलहाल भारतीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।

## अमेरिका-ईरान समझौते का मसौदा तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिनों से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक अंतरिम शांति समझौते का मसौदा तैयार हो गया है। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि दोनों देशों के बीच जल्द ही समझौते पर

■ **युद्धविराम समेत कई शर्तों पर बनी सहमति**

हस्ताक्षर हो सकते हैं। हालांकि कुछ मुद्दों पर अंतिम सहमति अभी बाकी है। प्रस्तावित समझौते के तहत लेबनान समेत सभी मोर्चों पर तत्काल और स्थायी युद्धविराम लागू किया जाएगा। अमेरिका 30 दिनों के भीतर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा और होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने पर सहमति बनेगी। ईरान को यहां से गुजरने वाले जहाजों से सेवा शुल्क लेने की अनुमति दी जा सकती है। समझौते में विदेशों में जमा ईरान की 24 अरब डॉलर की जब्त संपत्तियों को लौटाने और ईरानी तेल, पेट्रोकेमिकल उत्पादों तथा पेट्रोलियम डेरिवेटिव्स पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को निलंबित करने का भी प्रावधान है।

## ममता बनर्जी ने की तृणमूल कांग्रेस की 'सर्जरी'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस

■ **दो महिला सांसदों को पद से हटाया**

■ **बगावत की हवा धीमी नहीं पड़ रही**



(टीएमसी) में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया है। ममता बनर्जी ने पार्टी की युवा और महिला इकाइयों में नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपते हुए सांसद सायोनी घोष और सांसद माला रॉय को उनके प्रमुख पदों से हटा दिया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब पार्टी के भीतर असंतोष और बगावत की खबरें सामने आ रही हैं। माना जा रहा है कि ममता बनर्जी संगठन पर अपनी पकड़ और मजबूत करने के लिए लगातार बड़े फैसले ले रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जादवपुर से सांसद सायोनी घोष को युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाकर युवा नेता अर्नब बनर्जी को जिम्मेदारी दी गई है।

## पूर्व विधायक के बेटे ने की पत्नी की हत्या, खुद भी दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कांग्रेस के पूर्व विधायक स्व. जगदीश सिंह यादव के बेटे राकेश यादव (73) ने शनिवार रात फिरोजाबाद के सुभाष तिराहा स्थित आवास में अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से पत्नी राममूर्ति (68) को गोली मार अपने सिर में भी गोली मार ली। उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी ने ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ा। राकेश आदर्श कृष्ण इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक थे और उन पर मई 2025 में विद्यालय की कृषि भूमि से होने वाली आय के 2.60 लाख रुपये गबन करने का आरोप लगा था। उसी के मुकदमे की तारीख से वह शाम को अदालत से घर लौटे थे। शनिवार रात करीब 9.30 बजे राकेश के आवास के एक कमरे से अचानक दो गोलियों की आवाजें गूंजीं। घर के दूसरे कमरों में मौजूद राकेश यादव की बड़ी बेटी गरिमा और छोटी बेटी प्रतिमा बदहवास दौड़ीं। कमरे के भीतर माता-पिता खून से लथपथ पड़े थे।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | Flipkart | amazon.in

*नियम और शर्तें लागू, चुनिंदा मॉडलों पर 1 जून से 30 जून 2026 तक छूट उपलब्ध है. लागू ऑफर मॉडल/राज्यों के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. ई-कॉमर्स ऑफर संबंधित ई-कॉमर्स पार्टनर की शर्तों के अधीन है. ई-कॉमर्स ऑफर पार्टनर के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. उल्लिखित ESRP बेस वेरिएंट के है. ऑफर के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने नजदीकी डीलरशिप पर जाएं. पल्सर 125 नियॉन पर ₹2,500/- की छूट.

Authorised Dealers For Bajaj Auto Ltd.: Akbarpur: SANTOSH MOTORS 9793909292 • Banda: JAY BAJAJ 9452964077 • Etawah SHANKAR AUTOMOBILES 9343969440• Farrukhabad: STANDARD BAJAJ 9452613004 • Fatehpur: SINGH BAJAJ 9554661236 • Hardoi: BANSAL BAJAJ 9453018534 • Kannauj: MISHRA AUTOMOBILES 9721333384 • Kanpur: • MacRoberts Ganj SOCIETY BAJAJ 8795840957 • Saket Nagar SOCIETY BAJAJ 8795840958 • Kalyanpur SOCIETY BAJAJ 9044200200 • Mall Road SOCIETY BAJAJ 9235598151• GT Road YCS BAJAJ 8081211478 • PAC Mod Shyamnagar YCS BAJAJ 8081211475 • Kalpi Road SHANKAR BAJAJ 9520982506 •Karwi UNITED BAJAJ 9389170101 •Orai: SHYAM BAJAJ 9648581320• Unnao: Sheikhpur CHATURBHUJ BAJAJ 7408227788, Lucknow Bypass CHATURBHUJ BAJAJ 7408427772 MAHOBA: LAXMI BAJAJ 9721171100 • Firozabad: JINDAL BAJAJ 6396859271 • SHIKOHABAD Avon Bajaj 9808849925.

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से की मुलाकात

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। संत बाबा मिलन दास की निर्मम हत्या से उपजे शोक के बीच रविवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल उनके परिजनों से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने बाबा मिलन दास की समाधि पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रतिनिधिमंडल ने इस जघन्य हत्या की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

## मातृ शक्ति ही राष्ट्र शक्ति-डॉ. सौरभ मालवीय



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शुक्लागंज ;उन्नाव।** आज सरोज सरस्वती विद्या मंदिर में भारतीय शिक्षा समिति द्वारा आयोजित बालिका शिक्षा प्रशिक्षण वर्ग के पंचम दिवस का कार्यक्रम सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉण् सौरभ मालवीय प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह तथा भारतीय शिक्षा समिति के अध्यक्ष हरेन्द्र श्रीवास्तव मंचासीन रहे। अतिथियों का परिचय एवं सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह द्वारा किया गया।

पाँच दिनों से संचालित बालिका शिक्षा प्रशिक्षण वर्ग तथा दस दिनों से चल रहे शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग का आज विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉण् सौरभ मालवीय ने कहा कि भारत के जीवन.दर्शन का मूल आधार लोककल्याण और परोपकार है। वेदों की रचनाएँ प्रकृति के सर्वाधिक निकट हैं तथा भारतीय संस्कृति संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि श्मातृ शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है।श् बालिका शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहींए बल्कि संस्कारवानए सक्षम और समाजोपयोगी व्यक्तित्व का निर्माण करना है। भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर है और उसके आध्यात्मिक मूल्यों ने ही उसे युगों.युगों तक अक्षुण्ण बनाए रखा है। शिक्षितए संस्कारित एवं आत्मविश्वासी बालिकाएँ भविष्य में राष्ट्र निर्माण और भारत के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। डॉ. मालवीय ने कहा कि मातृभूमि के प्रति प्रेम समर्पण एवं राष्ट्रीय चेतना का विकास विद्या भारती की शिक्षा पद्धति का प्रमुख उद्देश्य है। ऐसी शिक्षा ही समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने का कार्य करती है।

## सड़क हादसा में महिला की मौत, पति व दो बच्चे घायल

त्रिभुवन खेड़ा के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मृत्यु हो गई, जबकि उनके पति एवं दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा त्रिभुवन खेड़ा के निकट उस समय हुआ जब पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कानपुर जनपद के रायपुरवा अनवरगंज निवासी नीलेश मिश्रा अपनी पत्नी 28 वर्षीय प्रज्ञा पांडे तथा दो बच्चों के साथ बाइक से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान त्रिभुवन खेड़ा के पास तेज गति से आ रहे कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। प्रज्ञा पांडे की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में उनके पति नीलेश मिश्रा तथा दोनों बच्चे घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से उपचार हेतु एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना में शामिल कंटेनर एवं उसके चालक की तलाश की जा रही है।

## छत से गिरकर कैटरिंग व्यवसायी की दर्दनाक मौत, पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चहलहा निवासी एक कैटरिंग व्यवसायी की रिश्तेदार के घर की छत से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। रविवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्राम चहलहा निवासी रामगोपाल भट्ट उर्फ बबलू (44) पुत्र रामऔतार भट्ट कैटरिंग का कार्य करते थे। परिजनों के अनुसार वह करीब पांच दिन पहले अपने रिश्तेदार अरुण कुमार भट्ट निवासी ग्राम नेवादा, थाना बेहटा मुजावर के यहां गए थे। शनिवार रात वह रिश्तेदार के मकान की छत पर सो रहे थे। बताया जाता है कि रात में वह पेशाब करने के लिए उठे थे। इसी दौरान छत पर रेलिंग न होने के कारण उनका पैर फिसल गया और वह असंतुलित होकर नीचे खड़ंजे पर जा गिरे। सिर और शरीर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## जन कल्याण दिवस में गिनाई गई केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

**-सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास के मंत्र पर आगे बढ़ रही सरकार-साक्षी महाराज**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव।** विकासखंड मुख्यालय सभागार में रविवार को जन कल्याण दिवस एवं जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद साक्षी महाराज ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4399 दिनों का कार्यकाल पूरा कर देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। साथ ही मुस्लिम महिलाओं को ट्रिपल तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे और सड़कों के व्यापक निर्माण से देश और प्रदेश के विकास को नई गति मिली है। जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों, किसानों, महिलाओं और जरूरतमंद वर्गों को सशक्त बनाया जा रहा है।

मोहान विधायक बृजेश रावत ने आयुष्मान भारत योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क राशन वितरण, वृद्धावस्था एवं अन्य पेंशन योजनाओं तथा किसान सम्मान निधि जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को और मजबूत बनाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की सात मुख्य सेविकाओं तथा 19 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। वहीं जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में पंचायती राज, कृषि, स्वास्थ्य, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पशुपालन, समाज कल्याण तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभार्थियों को जागरूक किया गया।

## विवादित भूमि पर चला बुलडोजर हटाया अवैध ढांचा



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। जनपद के माखी थाना क्षेत्र स्थित इसुनिया गांव में रविवार को प्रशासन ने विवादित भूमि पर बने एक ढांचे को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए।ग्रामीणों के अनुसार जिस भूमि पर ढांचा बना हुआ था,वह राजस्व अभिलेखों में खेल मैदान के रूप में दर्ज है। स्थानीय लोगों का आरोप था कि उक्त ढांचे का उपयोग मदरसे के रूप में किया जा रहा था, जहां मुस्लिम समुदाय के बच्चों को शिक्षा दी जाती थी।बताया जा रहा है कि एक दिन पूर्व इसी मुद्दे को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं और संबंधित पक्ष के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिससे गांव में तनाव बढ़ गया था। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच के बाद कार्रवाई शुरू की।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि संबंधित संचालक को पूर्व में नोटिस जारी किया गया था। नोटिस की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस बल की मौजूदगी में ढांचे को खाली कराया गया तथा बुलडोजर की सहायता से उसे ध्वस्त कर दिया गया।कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम, पुलिस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून के अनुसार कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं, गांव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

## संत के परिजनों ने प्रभारी मंत्री को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन , हत्याकांड में कार्रवाई की मांग

**-मंदिर निर्माण के लिए 50 लाख रुपये सहायता**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव।** जनपद की प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश की उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी के नगर आगमन पर रविवार शाम संत मिलन दास के परिजनों ने उनसे मुलाकात कर सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में संत की जघन्य हत्या के मामले में शीघ्र खुलासा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

मृतक संत के भाई वीरेंद्र सिंह द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि संत मिलन दास की हत्या की गहन जांच कर घटना की साजिश रचने वाले सभी लोगों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

ज्ञापन में संत के परिजनों तथा मामले के गवाहों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है। इसके अलावा संत मिलन दास के सपनों के राम-जानकी मंदिर निर्माण को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार से 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग उठाई गई।

परिजनों ने आत्म सुरक्षा के दृष्टिगत परिवार के सदस्यों के नाम शस्त्र लाइसेंस शीघ्र जारी किए जाने तथा मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने तक मंदिर परिसर में स्थायी सुरक्षा बल की तैनाती की भी मांग की है। मांग पत्र में संत मिलन दास की समाधि स्थल के विकास, उनकी प्रतिमा स्थापित कराने तथा नगर के किसी प्रमुख मार्ग, पार्क अथवा चैराहे का नाम उनके नाम पर रखने की मांग भी शामिल है।

प्रभारी मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन को लेकर नगर में चर्चा का माहौल बना रहा। परिजनों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कदम उठाएगी।

## युवक ने पंखे के कुंडे से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, माती कानपुर देहात।** रुरा थाना क्षेत्र के इकघरा गांव निवासी एक युवक ने घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी पत्नी ने पति को फांसी पर लटका देखा तो उसके होश उड गए घटना से परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के इकघरा गांव का रहने वाला 26 वर्षीय नितेश कुशवाहा पुत्र राम रतन कुशवाहा शराब का आदी था इसी के चलते उसके घर में आए दिन पत्नी से झगड़ा फसाद होता रहता था।शनिवार की रात वो खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया सुबह जब वो अपने कमरे से नहीं निकला तो उसकी पत्नी कमरे का दरवाजा खटखटाने लगी दरवाजा न खुलने पर उसने रोशनदान से झाँक कर देखा तो उसके पति का शव पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था।शव को लटकता देख मृतक की पत्नी संध्या की चीख निकल गई।घटना के बाद मृतक की मां ज्ञानवती पिता राम रतन भाई विजय का रो रोकर बुरा हाल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष सुधीर भारद्वाज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## अन्य की भांति इस बार विशेष साबित होगा योग दिवस कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो , माती कानपुर देहात।**12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियो ने जिले में तेजी पकड़ ली है रविवार को पतंजलि योग समिति जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें 21 जून को जनकपुरी मैदान अकबरपुर में भव्यता एवं दिव्यता के साथ कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा तय की गई।।ण

रविवार को अकबरपुर में आयोजित हुई पतंजलि महिला योग समिति की बैठक में बताया गया कि योगपीठ से पधार रहे सुप्रसिद्ध योग प्रशिक्षक स्वामी प्राणदेव अग्निहोत्री के सानिध्य में सामूहिक योगाभ्यास योग संबंधी मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे बताया गया कि उनके मार्गदर्शन में जन सामान्य योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली एवं भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण आयामो का ज्ञान प्राप्त करेंगे बैठक में डॉक्टर पुष्पा शर्मा डॉक्टर जेएनआर रमेश चंद्र पांडे साध्वी तापसी तीर्थ मीनाक्षी शास्त्री कुलदीप आर्य राहुल शर्मा सोनार श्वेता सिंह सहित अनेको पदाधिकारी मौजूद रहे।ण


## हाथेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद्भागवत महापुराण एवं रासलीला का शुभारंभ

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** विकास खण्ड रसूलाबाद की ग्राम पंचायत कहिंजरी खुर्द स्थित प्राचीन हाथेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित ग्यारह दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ एवं रासलीला महोत्सव के सातवें दिन धार्मिक वातावरण में रासलीला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संत वैदेही शरण नागा बाबा के सानिध्य में किया जा रहा है।इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी किशन दुबे छुन्नी दुबे ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रथम आरती कर रासलीला का विधिवत शुभारंभ किया। आरती के पश्चात उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं उनके आदर्शों तथा धर्म प्रेम और मानव कल्याण के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करती हैं तथा धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को बल मिलता है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों ने भाग लेकर कथा एवं रासलीला का रसास्वादन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से राजेश सिंह मंडल अध्यक्ष जयपाल सिंह योगेंद्र सिंह कमल सिंह संजय पांडेय चंडिका प्रसाद पाल घनश्याम सिंह रमेश सिंह चंद्रभान सिंह अजब सिंह यादव तेज सिंह राजावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कानपुर देहात समाचार

## हाथेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद्भागवत महापुराण एवं रासलीला का शुभारंभ




**रसूलाबाद कानपुर देहात।** विकास खण्ड रसूलाबाद की ग्राम पंचायत कहिंजरी खुर्द स्थित प्राचीन हाथेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित ग्यारह दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ एवं रासलीला महोत्सव के सातवें दिन धार्मिक वातावरण में रासलीला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संत वैदेही शरण नागा बाबा के सानिध्य में किया जा रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी किशन दुबे छुन्नी दुबे ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रथम आरती कर रासलीला का विधिवत शुभारंभ किया। आरती के पश्चात उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं उनके आदर्शों तथा धर्म प्रेम और मानव कल्याण के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करती हैं तथा धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को बल मिलता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों ने भाग लेकर कथा एवं रासलीला का रसास्वादन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से राजेश सिंह मंडल अध्यक्ष जयपाल सिंह योगेंद्र सिंह कमल सिंह संजय पांडेय चंडिका प्रसाद पाल घनश्याम सिंह रमेश सिंह चंद्रभान सिंह अजब सिंह यादव तेज सिंह राजावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पुलिस को आगे कर सरकार जनता की आवाज दबाने का कर रही है काम-वीरसेन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो , माती कानपुर देहात।** विरोध प्रदर्शन के बाद सपा जिला अध्यक्ष सहित लगभग सवा दो सौ लोगों पर लिखे गए मुकदमे के मामले में समाजवादी पार्टी के प्रांतीय नेता पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सेन यादव ने अपनी चुप्पी तोड़ी है उन्होंने कहा कि 11 जून को समाजवादी पार्टी के विशाल धरना प्रदर्शन से सरकार घबरा गई है सपा नेता व कार्यकर्ताओं पर एफआईआर होना यह दर्शाता है कि सरकार पुलिस को आगे करके आम जनता की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है जो मूलभूत समस्याएं हैं डीजल गैस पेट्रोल पेपर लीक जैसे मुद्दों से सरकार बचना चाहती है। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए पूर्व जिला अध्यक्ष वीर सेन यादव ने कहा कि जनता की आवाज उठाना समाज के हक के लिए लड़ना हर सुख दुख में मजबूती से खड़े रहना अगर कुछ लोगों को खटक रहा है तो समझ लीजिए कि हमारा संघर्ष सही दिशा में जा रहा है श्री यादव ने कहा मेरी आप सभी शुभचिंतकों से और कार्यकर्ताओं से अपील है कि बिल्कुल नहीं घबराए शांत रहें संयम में रहे और अपना हौसला बुलंद रखें हम कानून का सम्मान करते हैं सच्चाई की इस लड़ाई को पूरी मजबूती के साथ लड़ेंगे यह लड़ाई संपूर्ण समाज की लड़ाई है इस सरकार में अपनी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाना भी गुनाह साबित हो रहा है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतारू है जिसका यह प्रमाण है कि अपने हक और हुकुक की आवाज उठाने पर इतने बड़े पैमाने से मुकदमा दर्ज किया गया है उन्होंने कहा कि कानून पर उन्हें पूरा विश्वास है इसलिए इस लड़ाई को पूरे समर्पण भाव से लड़ा जाएगा।



## जिलाधिकारी ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ



स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।।विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है जिसके माध्यम से अनेक जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वेच्छा से रक्तदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान न केवल किसी अन्य व्यक्ति के लिए जीवनदायी सिद्ध होता है बल्कि समाज में सेवा एवं संवेदनशीलता की भावना को भी सुदृढ़ करता है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा रक्तदान कर रहे पंकज सिंह एवं आकांक्षा का उत्साहवर्धन किया गया तथा उनके इस मानवीय एवं प्रेरणादायी कार्य की सराहना की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे स्वैच्छिक रक्तदाता समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और इनके प्रयासों से जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पाता है।

उन्होंने उपस्थित लोगों को नियमित अंतराल पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया तथा रक्तदाताओं के इस पुनीत कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल के चिकित्सकगण स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा स्वैच्छिक रक्तदाता उपस्थित रहे।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना है। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य सीएमएस एसीएमओ डिप्टी सीएमओ एवं जिले की जानी मानी समाज सेविका कंचन मिश्रा सहित चिकित्सा आदि उपस्थित रहे।

## मामूली सी बात पर हुई कहां सुनी तो भतीजे ने चाचा को सुला दिया मौत की नींद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** रिश्तो की मर्यादा आज फिर जिले में शर्मसार हुई है किसी बात को लेकर हुई कहा सुनी के बीच भतीजे ने कैंची मारकर चाचा को मौत की नींद सुला दिया

शिवली क्षेत्र के मलिकपुर गांव में हुई उपरोक्त हृदय विदारक घटना की जानकारी लगते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की जबकि मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए।जिसके बाद शिवली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना शिवली क्षेत्र के मलिकपुर गांव निवासी प्रताप सिंह पवार पुत्र स्व0 जगन्नाथ 65 वर्ष शराब पीने का लती था।जिसके चलते घर में आएदिन गृह कलह होती थी जिससे आजिज आकर कई वर्ष पहले उसकी पत्नी सुनीता अपने मायके चली गई थी तबसे आज तक वह वापस नहीं आई जिससे प्रताप सिंह तनाव में रहने लगा और मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गया।शनिवार की देर रात रात्रि किसी बात को लेकर उसकी अपने भतीजे सूरज सिंह पुत्र स्व0 गोविंद सिंह जो सनकी होने के साथ साथ मंद बुद्धि भी है उससे



कहासुनी हो गई जिसके बाद भतीजे सूरज ने चाचा प्रताप सिंह के ऊपर बाल काटने वाली कैंची से हमला कर दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे कोतवाल अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने घटना की सघन जांच पड़ताल की। जिसके बाद फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर मौके से साक्ष्य एकत्र किए।वहीं कोतवाली पुलिस ने मृतक के भाई भूरा सिंह पुत्र स्व0 जगन्नाथ सिंह की तहरीर पर भतीजे सूरज सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपी भतीजे सूरज को हिरासत में लिया।जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।इस बावत कोतवाली प्रभारी अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि मामूली बात को लेकर हुई कहासुनी में भतीजे ने चाचा की हत्या कर दी है।आरोपी पुलिस हिरासत में है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## मालकापुरवा में जन कल्याण शिविर आयोजित विधायक पूनम संखवार ने बताए मोदी सरकार के 12 साल के विकास कार्य



एसडीएम तहसीलदार रहे मौजूद ए ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी मौके पर सुनीं समस्याएं

रसूलाबाद कानपुर देहात। बारह साल विकास के विश्वास के जन कल्याण के कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विकास खण्ड रसूलाबाद की ग्राम पंचायत मालकापुरवा में जन कल्याण शिविर एवं जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार शामिल हुईं।

विधायक पूनम संखवार ने मोदी सरकार के बारह वर्ष पूरे होने के अवसर पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर काम करते हुए सरकार ने हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

जन चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक ने आयुष्मान भारत योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रधानमंत्री जनधन योजना उज्ज्वला योजना किसान सम्मान निधि स्वच्छ भारत मिशन जैसी केंद्र की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से गरीब किसान महिलाएं और युवा सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कानून व्यवस्था एक्सप्रेस.वे मेडिकल कॉलेज व रोजगार सृजन के क्षेत्र में हुए कार्यों का भी उल्लेख किया।कार्यक्रम में एसडीएम रसूलाबाद शिखा संखवार तहसीलदार संतोष कुमार कानून गो अनिल कुमार कुंवर सिंह सीएचसी अधीक्षक डॉ दीपक गुप्ता एडीओ पंचायत लेखपाल सचिव सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों की पेंशन राशन कार्ड आवास किसान सम्मान निधि से जुड़ी समस्याएं सुनी गईं और कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के आवेदन की प्रक्रिया भी समझाई। विधायक पूनम संखवार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जन कल्याण शिविर इसी कड़ी का हिस्सा हैं ताकि जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो सके। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अटल बाजपेई संतोष प्रताप सिंह गौरव सिंह सहित ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कर्ज अदा करने के लिए किराएदार ने की थी चोरी




स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर। गोविंदनगर पुलिस ने चोरी की एक ऐसी घटना का खुलासा किया है, जिसमें मकान मालिक और किराएदार के बीच होने वाले भरोसे को संकट में डालने का काम किया। इस मामले में पकड़े गए किराएदार ने उस घर में चोरी की घटना की, जहां पर वह मकान मालिक की बेटी से अपने कलाईयों में राखी बंधवाता था। पुलिस ने जब घटना का खुलासा किया तो हर कोई आश्चर्य में पड़ गयाए

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि गोविंदनगर निवासी प्रभा श्रीवास्तव के बंद घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। प्रभा जब वापस घर आयीं तो उन्हें अपने घर के ताले बदले हुए मिले। किसी तरह ताला खुलवाकर जब वह अंदर गईं तो अलमारियों से सारी ज्वैलरी गायब मिली, जिसके बाद किराएदार प्रशांत गौतम, उसकी मां और एक अन्य शख्स पर शक जताते हुए उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया। जिसके बाद से प्रशांत फरार हो गया। पुलिस ने जब उसे पकड़ा तो बताया तो चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि उस पर काफी ज्यादा कर्ज हो गया था। ज्वैलरी चोरी करने के बाद उसे विशाल सोनी नाम के सर्राफको एक लाख 96 हजार में उसे बेचकर अपना कर्ज अदा किया। बाकी जो रूपए बचे, उससे नया मोबाइल खरीदा। पुलिस ने प्रशांत और सर्राफ विशाल सोनी को गिरफ्तार कर चोरी की ज्वैलरी, नकदी, मोबाइल, चांदी के जेवर आदि बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में यह भी पता चला कि सर्राफपहले कोचिंग में पढ़ाता था। यही पर उसकी दोस्ती प्रशांत से हुई थी। बाद में प्रशांत अपनी सराफा दुकान में बैठने लगा।

**■ गोविन्द नगर पुलिस ने शातिर व सर्राफा को किया गिरफ्तार**

## मार्निंग वॉक पर निकली छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**-सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने शुरू की खोजबीन**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** कल्याणपुर में शनिवार को सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी देर तक वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। देर रात तक उसका कही कुछ पता नहीं चलने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने खोजबीन में जुट गई है।

कल्याणपुर कला निवासी कृष्ण मुरारी सविता प्राइवेट कर्मी हैं। परिवार में पत्नी अनीता देवी बड़ी बेटी कृतिका, छोटी बेटी पीहू व बेटा प्रिंस है। कृष्ण मुरारी ने बताया कि बड़ी बेटी कृतिका सातवीं क्लास की छात्रा है। बेटी रोज सुबह करीब पांच बजे तड़के उठकर टहलने जाती थी और करीब एक घंटे के बाद वापस आ जाती थी। कभी कभी पड़ोस की कुछ महिलाएं व बच्चे भी जाते थे तो उनके साथ भी चली जाती थी। शनिवार सुबह भी रोज़ की तरह बेटी टहलने के लिए अकेले गई थी। जब वह सात बजे तक वापस नहीं आई तो सभी ने खोजबीन शुरू की। पड़ोसियों से पूछताछ की तो उन्होंने कहा की आज वह लोग नहीं गए थे। उसकी दोस्तों से भी सम्पर्क किया, लेकिन कही कुछ पता नहीं चल सका। देर रात तक ज़ब वह घर नहीं आई तो परिजनों ने कल्याणपुर थाने में लिखित तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो कल्याणपुर रेलवे स्टेशन के पास लगे कैमरे में बेटी जाते हुए दिखी उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला। डीसीपी वेस्ट एस एम क़ासिम अबिदी ने बताया पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। छात्रा सकुशल बरामद करने का पुलिस प्रयास कर रही है। क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जल्द से छात्रा को पुलिस खोज निकालेगी।

## एमजी कॉलेज में विकास प्रदर्शनी कर आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एमजी कॉलेज में विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में महापौर प्रमिला पांडे ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने महिलाओं के सम्मान में इज्जत घर, घर-घर रसोई गैस सिलेंडर देने और राशन कार्ड में नाम दर्ज कर महिलाओं को घर का असली मुखिया बनाने का सबसे बड़ा काम किया है। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि शहर में जहां भी विकास की कमी होगी, उसे पूरा किया जाएगा। इस आयोजन में सिर्फ महिलाओं की ही नहीं, बल्कि घर के बुजुर्गों की सेहत की भी चिंता की गई। महापौर ने घोषणा की कि इस अभियान के तहत अब 70 साल से अधिक उम्र वाले सभी बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा, जिससे उन्हें मुफ्त और बेहतर इलाज मिल सके। उन्होंने साफ कहा कि इस प्रदर्शनी को पूरे शहर में ले जाने का मकसद यही है कि जनता को पता चले कि बीते 12 सालों में उनके हक के लिए क्या-क्या काम हुए हैं और जहां भी जो कमी बची है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था का मुद्दा भी छाया रहा। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में अपराधियों पर जिस तरह से नकेल कसी गई है, उससे माहौल बदला है। महिलाओं की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखा गया है और यही वजह है कि आज हर नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। इस खास मौके पर नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, स्थानीय पार्षदों सहित भारी संख्या में शहर के लोग मौजूद रहे, जिन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारियां लीं और उनका लाभ उठाने के तरीके समझे।


## शराब पीने के बाद नहर में नहाने उतरा युवक, मौत

**-दो घंटे बाद गोताखोरों ने निकाला शव**

**- घटनास्थल के पास ही कपड़े धो रहा था बेटा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** दादा नगर स्थित नौरैयाखेड़ा नहर में रविवार सुबह नहाने के दौरान एक पल्लेदार की डूबकर मौत हो गई। घटना के समय उसका बेटा किनारे पर मौजूद था। शोर-गुल सूनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कंट्रोल में सूचना पर दी। मौके पर पहुंची गोविन्द नगर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकलवाया। हरदोई के पाली निवासी अश्विनी त्रिपाठी दादा नगर नौरैयाखेड़ा में अपने बेटे हिमांशु के साथ रहकर पल्लेदारी का काम करते थे। हिमांशु ने बताया कि अश्विनी को शराब पीने की लत थी और रविवार सुबह भी उन्होंने शराब पी रखी थी। इसके बाद वह नहर में नहाने उतर गए, जबकि हिमांशु किनारे पर कपड़े धो रहा था। नहाते समय पिता अचानक गहरे पानी में जाने लगे। उन्हें डूबता देख उसने शोर मचाया, लेकिन अश्विनी ने हाथ हिलाकर सब ठीक होने का इशारा किया। कुछ ही देर बाद वह पानी में लापता हो गए। यह देख घटना की सूचना मिलते ही गोविंद नगर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को तलाश में लगाया गया। करीब दो घंटे की खोजबीन के बाद गोताखोरों ने अश्विनी का शव नहर से बरामद कर लिया। गोविंद नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नशे की हालत में नहर में नहाने के दौरान डूबने से मौत हुई है।

## गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पर एसी वेटिंग रूम सुविधा प्रारम्भ




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पर आधुनिक एसी वेटिंग रूम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं आरामदायक प्रतीक्षा स्थल प्रदान करना है, जिससे उन्हें ट्रेन के आगमन अथवा प्रस्थान की प्रतीक्षा के दौरान बेहतर सुविधाएं मिल सकें। पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि स्टेशन पर स्थापित एसी वेटिंग रूम में यात्रियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस सुविधा का उपयोग यात्री मात्र 30 रूपए प्रति घंटे के शुल्क पर कर सकेंगे। विशेष रूप से गर्मी एवं प्रतिकूल मौसम की परिस्थितियों में यह सुविधा यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इसके अतिरिक्त एसी वेटिंग रूम के भीतर बैठने वाले यात्रियों की सुविधा हेतुर खानपान सामग्री की उपलब्धता भी की गई है। रेल प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएं तथा स्टेशन परिसरों में उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर सेवाएं विकसित की जाएं। गोविंदपुरी स्टेशन पर एसी वेटिंग रूम की शुरुआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल यात्रियों की सुविधा में वृद्धि होगी, बल्कि स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सेवाओं की गुणवत्ता में भी सकारात्मक सुधार आएगा।

## ग्रीनपार्क स्टेडियम के आधुनिकरण का कार्य जल्द होने की उम्मीद

**-केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ मीडिया संवाद कार्यक्रम**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नवीन मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद रमेश अवस्थी ने सरकार की उपलब्धियों और कानपुर में प्रस्तावित विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवा-आधारित नीतियों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले वर्षों में करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण व्यवस्था के माध्यम से बड़ी मात्रा में सरकारी धन की बचत हुई है। सांसद कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता मिली है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण, डिजिटल गवर्नेंस, वित्तीय समावेशन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। ग्रामीण सड़कों, रेलवे नेटवर्क, राष्ट्रीय राजमार्गों और हवाई अड्डों के विकास ने देश की विकास गति को नई दिशा दी है। सांसद ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीन पार्क स्टेडियम के आधुनिकीकरण का कार्य लगभग 350 करोड़ रुपये की लागत से जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा अनवरगंज से मंधना तक एलिवेटेड रेलवे ट्रैक और रामादेवी से गोल चौराहा तक एलिवेटेड रोड परियोजना का शिलान्यास भी शीघ्र किए जाने की संभावना है। उनका कहना था कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहर में यातायात दबाव कम होगा और आवागमन सुगम बनेगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, दक्षिण अध्यक्ष शिवराम सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, सुरेश अवस्थी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री हंस मंदिर आश्रम में हुआ योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में श्री हंस मंदिर आश्रम में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक अजय कपूर, श्री हंस मंदिर प्रभारी साध्वी चंदन बाई व साध्वी प्रज्ञा बाई द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। योग प्रशिक्षक योगाचार्य शैलेंद्र पाल ने आश्रम परिसर में उपस्थित लोगों को योगिक सूक्ष्म क्रियाएं एवं ताड़ासन, कोणासन अर्ध चक्रासन, भद्रासन, भुजंगासन पवनमुक्तासन, उत्तानपादासन एवं कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया गया। योगाचार्य ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग जीवन के रहस्य को जानने का विज्ञान है, जो शरीर आत्मा और मन के स्तर पर समरस रूप में जीवन जीने की कला है। योगासन इसका बाहरी व स्थूल रूप है योग करने से हमारा शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक व चारित्रिक विकास होता है। योग शिविर में लगभग 210 लोगों ने भाग लिया। अंत में गंगा दशहरे के उपलक्ष में शरबत वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग प्रशिक्षक ग्रीस सिंगारी, योग प्रशिक्षक शिखा वर्मा, योगाचार्य अमित यादव, फार्मासिस्ट ओम नारायण साहू, करन कठेरिया, अंशु सोनी अंशु, दीपक गुप्ता, श्रीकांत मिथिलेश सोनी, माया दीक्षित लोगों का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा विधायक के कार्यालय के बाहर दिव्यांगों ने किया प्रदर्शन

-आरोपः अफसर शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय देते हैं आश्वासन



स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर। दिव्यांगों ने रविवार को बीजपी विधायक सुरेन्द्र मैथानी के कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन कर किया। विधायक के बाहर होने पर पदाधिकारियों ने फोन पर वार्ता कराई। जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। आरोप लगाया कि प्रशासन दिव्यांगजनों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम- 2016 का पालन नहीं कराया जा रहा है। अधिकारी शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय केवल आश्वासन देते हैं।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि कई बार विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पार्टी लगातार संघर्ष कर रही है, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो जल्द ही नींद हराम करो आंदोलन शुरू किया जाएगा। दिव्यांगों ने कहा कि लगातार कई बार अपनी समस्याओं के लिए प्रदर्शन किए जा रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। जब आज यहां आए तो यहां भी विधायक जी नही हैं। इसलिए यहीं बैठ गए हैं, लेकिन उनसे बात हो गई है, अब उन्होंने आकर समस्याओं का निस्तारण किए जाने की बात कही है। गोविंदनगर से विधायक ने बताया कि दिव्यांगजन समस्याओं को लेकर मुलाकात के लिए पहुंचे थे। मैं कानपुर में नहीं हूं, मुझे जानकारी मिली तो मैने उन लोगो से फोन पर बात की, जिसमें उन्होंने समस्याओं को बताया। मैने उनको कहा है कि वापस आकर सभी समस्याओं का निस्तारण, प्रसाशन के अधिकारियों से मुलाकत कर कराया जायेगा। इसके साथ ही अगर समस्या हल नहीं होती है तो तो प्रमुख सचिव व मुख्यमंत्री तक उनकी बात पहुंचाई जाएगी। जिसके बाद दिव्यांगजनों ने प्रदर्शन खत्म कर दिया।






## खराब सड़क व ओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर सपा का प्रदर्शन

**-कैंट विधायक ने प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री को भेजा पत्र**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** सुजातगंज में कैंट विधायक हसन रूमी के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। विधायक हसन रूमी ने प्रधानमंत्री से पत्र के माध्यम से सीओडी क्रॉसिंग से हरिहरनाथ धाम, श्याम नगर तक की जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण और सुजातगंज रेलवे पुल मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग की है।

रविवार दोपहर सुजातगंज क्रॉसिंग के पास सपा कार्यकर्ताओं ने एक विशाल धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद 200 मीटर की पैदल यात्रा निकाली गई, इस दौरान विधायक ने गड्ढों में फूल डालकर विरोध जताया। विधायक ने बताया कि यह सड़क पिछले पांच साल से खराब है और इससे रोजाना हजारों राहगीरों का आवागमन होता है। गड्ढों के कारण आए दिन लोग घायल होते रहते हैं। उन्होंने बताया कि सेना के कमांडर ने नवंबर में सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन लगातार हो रहे हादसों के मद्देनजर उन्होंने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्रालय को ज्ञापन भेजकर बारिश से पहले सड़क बनवाने की मांग की है। विधायक ने कहा कि उन्हें लगता है कि वे अपने मतदाताओं के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि वे उनकी आवाज सरकार तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। उन्होंने लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए यह सांकेतिक प्रदर्शन किया है। सपा विधायक ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं होती हैं, तो वे और अधिकारी चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में रक्षा मंत्रालय और रेल मंत्रालय दोनों विभागों से सड़क बनवाने की मांग की है। विधायक का आरोप है कि इन दोनों विभागों की वजह से क्षेत्र की जनता बदहाली का जीवन जीने को मजबूर है और भविष्य में होने वाले हादसों के लिए वे ही जिम्मेदार होंगे।

# फतेहपुर समाचार

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के कुशुम्भी गांव में एक 25 वर्षीय युवक रंजीत पुत्र स्व. बाबूलाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर तालाब के किनारे आम के पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक का शव पेड़ से लटकता देख ग्रामीणों और परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

- राजा मिश्रा की संदिग्ध मौत मामले में नया मोड़

## स्टेशन रोड का सीसीटीवी फुटेज वायरल, 5 पर हत्या का आरोप

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हरिहरगंज मोहल्ले में रहने वाले सौरभ उर्फ राजा मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में एक नया और सनसनीखेज मोड़ आ गया है। घटना की रात का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवक मृतक के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। इस फुटेज के सामने आने के बाद परिजनों ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर 5 नामजद लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। घर में बेसुध मिला था युवक, अगले दिन हुआ अंतिम संस्कार - मृतक के पिता और पेशे से शिक्षक संत कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 11 जून की रात उनका बेटा राजा घर आया और अपने कमरे में सोने चला गया था। अगले दिन 12 जून को पूरे दिन जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला, तो शाम को मां ने कमरे में जाकर देखा। राजा वहां बेसुध पड़ा था और उसका शरीर पूरी तरह अकड़ चुका था। आनन-फानन में मोहल्ले के डॉक्टर और फिर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद 13 जून (शनिवार) को परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

शराब ठेके के पास मारपीट का वीडियो आया सामने- अंतिम संस्कार के अगले दिन यानी 14 जून को घटना की रात (11 जून) का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया। यह वीडियो स्टेशन रोड स्थित एक शराब ठेके के पास का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोग राजा मिश्रा के साथ गंभीर मारपीट कर रहे हैं। मारपीट के दौरान राजा सड़क पर गिरकर बेहोश भी हो गया था, जिसके बाद वह किसी तरह घर पहुंचा था।

लेन-देन का विवाद और पुलिसिया कार्रवाई- मृतक के पिता संत कुमार मिश्रा का आरोप है कि उनके बेटे ने कुछ लोगों से रुपये उधार लिए थे। इसी आर्थिक लेन-देन के विवाद के चलते उनके बेटे के साथ मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हुई है। परिजनों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने इस वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए फुटेज में दिख रहे कुछ संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

## जनकल्याण शिविर में गूंजी विकास की आवाज, प्रभारी मंत्री ने बांटे प्रमाण पत्र



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** विकास खंड तेलियानी परिसर में रविवार को जनकल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ त्र जनपद के प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया गया।

शिविर में कृषि, शिक्षा, उद्योग, उद्यान, आपूर्ति, स्वास्थ्य, बाल विकास, सिंचाई, विद्युत, पशुपालन, रेशम, बैंक और समाज कल्याण सहित दर्जनों विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी कर उन्हें पोषाहार की पोटली वितरित की। प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाई है।

कार्यक्रम में अयाह शाह के विधायक विकास गुप्ता, जहानाबाद के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भी मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक परिसर में पौधा रोपा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की पहल श्एक पेड़ मां के नामश् अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### पीजीटी परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज प्रारंभिक परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुस्लिम इंटर कॉलेज एवं राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय परीक्षा केंद्रों का दौरा कर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सघन चेकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था को बारीकी से देखा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा और संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरती गई, जिससे परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

### पुश्तैनी भूमि पर कब्जे का आरोप, पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। खागा तहसील के हथगाम थाना क्षेत्र अंतर्गत खालिसपुर गांव के एक किसान ने अपनी पुश्तैनी भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन और राजस्व अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे विपक्षी के हौसले बुलंद हैं।

खालिसपुर (पोस्ट अकबरपुर चोराही) निवासी पीड़ित अजय कुमार पुत्र रामशरण विकल ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि गांव के ही मोहन पुत्र पित्तू ने उनकी पुश्तैनी जमीन पर लकड़ियां, वाहन व अन्य सामान रखकर अवैध कब्जा कर लिया है। आरोप है कि विरोध करने और अधिकारियों से शिकायत करने पर आरोपी पक्ष द्वारा पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। इसके चलते पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर है।

अजय कुमार के अनुसार, उन्होंने लेखपाल, राजस्व अधिकारियों, तहसील प्रशासन और जिलाधिकारी स्तर तक कई बार लिखित शिकायतें दीं और तहसील समाधान दिवस में भी प्रार्थना पत्र सौंपा, लेकिन मामला जस का तस बना हुआ है। पीड़ित ने दावा किया कि इस भूमि विवाद के संबंध में उन्हें उच्च न्यायालय से स्थगनादेश भी प्राप्त है, इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने में नाकाम रहे हैं। निराश होकर पीड़ित ने अब मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कब्जा हटवाने, सुरक्षा मुहैया कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### ट्रक का टायर फटने से अनियंत्रित होकर डंपर परिचालक को कुचला

फतेहपुर (थरियांव)रू थाना क्षेत्र के टेक्सारी बुजुर्ग गांव के सामने शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में डंपर परिचालक रक्षपाल (40) की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, रक्षपाल गिट्टी लोड करने के बाद हाईवे किनारे डंपर खड़ा कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक का अचानक टायर फट गया, जिससे अनियंत्रित हुए ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया, जबकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस असमय हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह के मुताबिक मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### आभा ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन

- 10 लोगों ने किया रक्तदान

फतेहपुर। शहर के जीटी रोड स्थित आभा ब्लड बैंक सेंटर में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक के संचालक डॉक्टर जेपी त्रिपाठी ने बताया कि इस शिविर में 10 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संकल्प दोहराया। इस मौके पर डॉक्टर त्रिपाठी ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि आपका यह छोटा सा प्रयास किसी पीड़ित को नया जीवन दे सकता है और एक यूनिट रक्त किसी के परिवार की खुशियां लौटा सकता है। उन्होंने सभी से मानवता के इस महापर्व में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में ब्लड बैंक प्रबंधन द्वारा शिविर में आए सभी रक्तदाताओं का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया और उनके इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### एसपी ने योग शिविर का किया शुभारंभ

फतेहपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को आयोजित एक दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने किया। उन्होंने स्वयं योगाभ्यास करते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व तथा इसके शारीरिक व मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक संतुलन और कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। शिविर में योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक ने योगाचार्य को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

### गरीब दलित महिला ने दबंग पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ककरेहा गांव की एक महिला अनीता देवी ने गांव के ही एक दबंग व्यक्ति पर मारपीट, उत्पीड़न, रास्ता अवरुद्ध करने तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र में पीड़िता ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार, उसका मकान पूर्व में बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त होकर गिर गया था। आरोप है कि गांव के ही धर्मेंद्र लोधी ने उसकी मजबूरी का फायदा उठाते हुए उसके मकान की ओर जाने वाले रास्ते पर जबरन दीवार खड़ी कर दी और दरवाजा लगा लिया, जिससे उसका आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता और उसके पति के साथ मारपीट की। आरोप है कि स्थानीय पुलिस से शिकायत के बाद मामला दर्ज तो हुआ, लेकिन इसके बावजूद आरोपी लगातार जातिसूचक शब्द कहकर उसे अपमानित कर धमकियां दे रहा है।

### कारीगर छत से नीचे गिरकर घायल

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के अस्ता गांव में एक निर्माणाधीन मकान में शटरिंग लगाते समय एक कारीगर ऊंचाई से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कारीगर की पहचान बिलंदपुर गांव निवासी आंशू (36) पुत्र सुरेंद्र के रूप में हुई है। सुबह काम के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे गिर पड़ा। साथी मजदूरों ने तुरंत एम्बुलेंस को फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां आपातकालीन वार्ड में उसका उपचार किया जा रहा है।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के मुत्तौर गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, गंगाई पार गांव निवासी शेफालीन अहमद (25) पुत्र स्वर्गीय शौकीन अहमद बाइक से किसी कार्यवश जा रहा था, तभी मुत्तौर गांव के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। दोनों घायलों को तुरंत बहुआ सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने एक बाइक सवार को घर भेज दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल शेफालीन अहमद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है।

## रक्तदान शिविर में 23 रक्तवीरों ने किया महादान, प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ा उत्साह




**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन एवं मानस रक्तकेंद्र के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि अंकुर सचान व ध्रुव कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार मौर्य ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं है, क्योंकि आपका यह छोटा सा प्रयास किसी पीड़ित को नया जीवनदान दे सकता है। उन्होंने सभी से इस मानवीय कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की और शिविर में रक्तदान करने वाले सभी जागरूक नागरिकों व युवाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

शिविर में समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए कुल 23 रक्तदाताओं ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया। महादान करने वालों में मुख्य रूप से अयास, आरिफ़, राज हंस यादव, सचिन कुमार पाण्डेय, राहुल अवस्थी, मनोज, डॉक्टर महेश, अमित राज, यशु रस्तोगी, युवराज सिंह, नितिन पाल, सर्वेंद्र सिंह, राज सिंह, मनीष कुमार सोनी, हरिकेश, रणविजय, राजेश सिंह, रामशंकर, सत्यम, शिव सिंह, राजेश, राजू, हर्षित और संदीप शामिल रहे। इस पूरे सेवा कार्य को सफल बनाने और व्यवस्थाएं संभालने में सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से हिमांशु श्रीवास्तव, गुरमीत सिंह, राजेश मौर्य, सत्यम बाजपेई, कंवलजीत सिंह तथा मानस रक्तकेंद्र के प्रभारी अमन यादव, डॉक्टर कैलाश, लैब टेक्नीशियन अनुस पटेल, अनामिका, विष्णु व अंजली ने अपनी महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका निभाई।

### विश्व रक्तदान दिवस पर पुलिस लाइन में सजा सेवा का शिविर

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में रक्त की कमी को देखते हुए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं पुलिस लाइंस के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पुलिस लाइंस चिकित्सालय में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक और विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमओ डॉ. यूबी सिंह व डॉ. प्रभाकांत सिंह उपस्थित रहे।

शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया, जिसके बाद कुल 10 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की, जबकि 25 लोगों ने आगामी शिविरों के लिए अपना पंजीकरण कराया। रक्तदान करने वालों में आरआई राजेश कुमार सिंह, सुनीता सिंह, सुनील, अनुराग सिंह और राहुल सिंह आदि शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और वक्ताओं ने रक्तदान को सबसे बड़ा मानवीय दान बताते हुए लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील की।

### ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग में नितीश पाल का शतक

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। बांदा-सागर रोड स्थित आरवीएस स्कूल के समीप ग्रीन बॉक्स ग्राउंड में आयोजित श्ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग सीजन-1, 2026श् के अंतर्गत शनिवार को खेले गए लीग मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में डेस्टिनी-11 ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 4 विकेट पर 158 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें नितीश पाल ने विस्फोटक अंदाज में मात्र 38 गेंदों में 9 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 100 रनों की शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाइफ स्टाइल स्ट्राइकर्स की टीम 82 रन पर सिमट गई और डेस्टिनी-11 ने यह मैच 76 रन से जीत लिया। नितीश पाल को श्प्लेयर ऑफ द मैचश् चुना गया।

दिन के दूसरे मुकाबले में पालीवाल पीपी-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 5 विकेट पर 120 रन बनाए, जिसमें आशीष सिंह चैहान ने 33 गेंदों पर 58 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। जवाब में अंबेडकर-11 की टीम निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट खोकर केवल 62 रन ही बना सकी। पालीवाल पीपी-11 ने यह मुकाबला 58 रनों से अपने नाम किया। आशीष सिंह चैहान ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 3 ओवर में मात्र 10 रन देकर 2 विकेट झटके, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर डॉ. ज्ञानेंद्र सचान ज्ञानू, आशीष शुक्ला जीतू आदि मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

फतेहपुर। थरियांव थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को पुलिस ने आरोपी संदीप पुत्र कुन्नर उर्फ राजकुमार (निवासी ग्राम करनपुर मजरा रामपुर) को दबोच लिया। आरोपी पर युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप था और मामला दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम के वरिष्ठ उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह एवं हेड कांस्टेबल राजेंद्र सोनकर ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की है।

### तालाब में डूबा युवक, एनडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

खागा (फतेहपुर)। नगर के मुसवापुर स्थित तालाब में एक युवक के डूब जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस प्रशासन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और राहत व बचाव कार्य शुरू कराया। डूबे युवक की पहचान सुरेश कुमार निवासी गांधी पार्क, खागा के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुरेश किसी कारणवश तालाब के किनारे गया था, जहां पैर फिसलने या अनियंत्रित होने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। स्थानीय स्तर पर बचाव के प्रयास विफल होने के बाद प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। एनडीआरएफ के गोताखोरों द्वारा तालाब में रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक की तलाश की जा रही है।

### घरेलू कलह के चलते युवक ने खाया जहर, मौत

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के जमैनी मजरे सहबसी गांव में पारिवारिक कलह से तंग आकर एक 40 वर्षीय युवक रमेश मिश्रा पुत्र दुर्गा प्रसाद मिश्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी भनक लगी, जिसके बाद वे उसे तुरंत बहुआ सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बहुआ ब्लॉक में भाकियू अराजकनैतिक की पंचायत 19 को

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन (अराजकनैतिक) की बहुआ इकाई की एक आवश्यक बैठक रविवार को जिला महासचिव प्रीतम सिंह चंदेल के आवास मोहनपुर में आयोजित हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया और निर्णय लिया गया कि आगामी 19 जून को बहुआ ब्लॉक परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर महापंचायत की जाएगी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के किसान यूरिया खाद की किल्लत, बिजली की अघोषित कटौती और नहरों में पानी न आने जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर उनका निस्तारण नहीं हो रहा है। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 19 जून की पंचायत के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संबंधित विभागीय अधिकारियों का घेराव किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर दीपक गुप्ता, रंजीत यादव, बौवन शुक्ला, विक्रम सिंह, राजकुमार मौर्य, रणजीत लोधी, सोनू सिंह चंदेल और कमलेश पांडे आदि मौजूद रहे।

### 12 वर्ष के सुशासन में सुरक्षित हुआ देश, हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ- प्रभारी मंत्री

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल ने केंद्र सरकार के अभूतपूर्व 12 वर्ष पूरे होने की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जो भरोसा जताया था, सरकार ने अपने विकास कार्यों से उसे कायम रखा है। आज सरकार श्सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वासश् की परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश अब पूरी तरह सुरक्षित हाथों में है और जहां एक ओर आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण सुरक्षा, किसानों और महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए ऐतिहासिक काम किए जा रहे हैं।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि महिलाओं, किसानों, युवाओं और छात्रों को सशक्त बनाने के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के संकट काल से ही गरीबों को मुफ्त राशन देने का काम निरंतर किया जा रहा है और महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार रहित सुशासन देने के लिए संकल्पित है, जहां अब भ्रष्टाचार का कोई नामोनिशान नहीं है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश सीमाओं पर भी पूरी तरह सुरक्षित है और दुश्मन देश को मुंहतोड़ जवाब देकर यह साफ संदेश दिया गया है कि यह चुप बैठने वाला नहीं, बल्कि एक श्नया भारतश् है। रोजगार और पारदर्शिता के मुद्दे पर बोलते हुए श्री पाल ने कहा कि विभिन्न कंपनियों के माध्यम से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर दिए जा रहे हैं। परीक्षाओं में पेपर लीक के मामले पर सरकार पूरी तरह गंभीर है और जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर किए जा रहे केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्य मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, विधायक विकास गुप्त, राजेंद्र सिंह पटेल, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी व पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**सुरों और संदेशों का संगम**

## शैलेंद्र साहित्य सरोवर की 441वीं काव्य गोष्ठी में गूंजे पर्यावरण और समाज के सरोकार

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मुराइन टोला स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में साहित्य और समाज के सरोकारों को समर्पित शैलेंद्र साहित्य सरोवर संस्था की 441वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी गरिमामयी माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार केपी सिंह कछवाह ने की, जबकि कुशल संचालन प्रख्यात कवि शैलेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद हनुमान मंदिर के पुजारी विजय कुमार शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। गोष्ठी का आरंभ करते हुए केपी सिंह कछवाह ने मां शारदे के चरणों में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उपस्थित रचनाकारों से मंच पर विराजकर सबको भाषा और अक्षर ज्ञान का वरदान देने की कामना की। इसके बाद उन्होंने वर्तमान समय की मांग को रेखांकित करते हुए अपनी पंक्तियों के माध्यम से संदेश दिया कि हर इंसान को रक्तदान कर जीवन को धन्य बनाना चाहिए, क्योंकि यही उत्तम कर्तव्य मानव की असली पहचान है।

इसके बाद गोष्ठी में समाज की विसंगतियों, प्रेम और पर्यावरण संरक्षण पर एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की गईं। डॉ. सत्य नारायण मिश्र ने संसार की बढ़ती विषमता, अन्याय और अत्याचार पर गहरा कटाक्ष करते हुए अपनी पंक्तियां पढ़ीं। आचार्य विष्णु शुक्ल ने अपनी गजल के शेरों से महफिल में समां बांध दिया और विरोधियों के बीच भी सराहना पाने के जज्बे को खूबसूरती से बयां किया। वहीं, पर्यावरण चेतना को जगाते हुए प्रदीप कुमार गौड़ ने आह्वान किया कि केवल पौधे लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी निरंतर सेवा करना भी सबका लक्ष्य होना चाहिए तभी हमारा पर्यावरण समृद्ध होगा। डॉ. शिव सागर साहू ने भी कविता के जरिए रक्तदान को महादान बताते हुए इसे जीवन रक्षक प्राण की संज्ञा दी, तो अनिल कुमार मिश्रा ने जमीन से जुड़े रहकर आसमान छूने के अटूट हौसले को अपनी शायरी में पिरोकर खूब वाहवाही लूटी।

गोष्ठी के अंतिम दौर में आयोजक व संचालक शैलेंद्र कुमार द्विवेदी ने अपनी गजल के माध्यम से जिंदगी के उतार-चढ़ाव, आपसी गुफ्तगू और घावों पर मरहम लगाने जैसे मानवीय अहसासों को बेहद भावुक अंदाज में मंच के सामने रखा। उनकी पंक्तियों ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि पुजारी विजय कुमार शुक्ल ने सभी साहित्यकारों को अंगवस्त्र और आशीर्वाद प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में संस्था के पदाधिकारियों ने नगर के प्रबुद्ध नागरिकों और खेल व साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति की सराहना करते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## ड्रग्स के खिलाफ

ड्रग्स की बुराई एक बार फिर बड़ी तेजी के साथ देश में पांव पसार रही है। सड़क मार्ग से तो इन्हें तस्करी करके लाया ही जा रहा है, समुद्री और हवाई मार्गों से भी इनके धंधेबाज बड़ी-बड़ी खेपें ला रहे हैं। पंजाब में सीमापार से एक-एक बार में करोड़ों की खेप लाई जाती है तो महाराष्ट्र में मुंद्रा बंदरगाह पर भी अच्छी-खासी बरामदगियां हो रही हैं। इसके अलावा दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और लखनऊ के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर भारी मात्रा में माल पकड़ा जाता है। पूर्वोत्तर के राज्यों, खासतौर पर असम और मणिपुद में भी लाखों-करोड़ों की ड्रग्स पकड़े जाने की खबरें आती रहती हैं। यही वजह है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ड्रग नेटवर्क के खिलाफ वैसी ही सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही है, जैसी आतंकी और नक्सली नेटवर्कों के खिलाफ की गई है। इसके अंतर्गत सभी राज्यों में ड्रग्स के खिलाफ अभियानों को और तेज किया जाएगा। वास्तव में ड्रग्स का कारोबार राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और युवाओं के भविष्य से जुड़ी गंभीर चुनौती है। इसके कारोबारियों के मुख्य टारगेट युवक और युवतियां होते हैं जो फैशन की देखादेखी और तथाकथित रोमांच के चक्कर में आकर इसके दलदल में डूबते जाते हैं। यह वर्ग ड्रग के लिए मुंहमांगा पैसा देने के लिए भी तैयार रहता है। भले उसे इसके लिए अपराध ही क्यों न करना पड़े। लेकिन कुछ देर की मस्ती का मूल्य उसे अपनी सेहत में गिरावट और कभी-कभी जान देकर चुकाना पड़ता है। इन्हीं के बल पर ड्रग्स की जमकर तस्करी होती है जिससे देश को भी बड़ा नुकसान होता है। यह अच्छा संकेत है कि सरकार ने इसके खिलाफ कमर कस ली है जिसके तहत सीमा और समुद्री क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। बीएसएफ, असम राइफल्स और एसएसबी को तलाशी जब्ती और गिरफ्तारी के अधिकार दिए गए हैं। इसके अलावा नौसेना, तटरक्षक बल और राज्य एंटी नारकोटिक्स इकाइयों के साथ संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं। तस्करी से निपटने के लिए भारत ने म्यांमार, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों के साथ सहयोग भी बढ़ाया है। ड्रग्स के जहर से देश के भ्रमित लोगों, खासकर युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए ऐसे कदम उठाए जाने जरूरी हैं। इन उपायों को और प्रभावी बनाए जाने के लिए जरूरत पड़े तो कार्रवाइयों और सजा के प्रावधानों को और कड़ा किया जाना चाहिए। ध्यान रहे कि इसके तस्करों के विदेशी तस्करों के साथ संबंध होने के कारण ये अपने बचाव के कई तरीके भी अपना सकते हैं। इसलिए इन पर भी पूरी सख्ती के साथ नजर रखनी जरूरी है।

## प्रगति की ओर

यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि उत्तर प्रदेश अब निवेशकों की सबसे पंसदीदा जगह बनता जा रहा है। उनके सामने यहां अपनी पसंद की गतिविधियों में अपना धन लगाने तथा उससे अच्छी-खासी आय अर्जित करने के भरपूर मौके हैं। इस तरह यह प्रदेश औद्योगिक विकास के बड़े केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है। इसे पचास लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं जिनसे करीब एक करोड़ दस लाख रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। यह क्रम अब स्थायी रूप ले चुका है। प्रदेश में आयोजित चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी यानी जीबीसी के माध्यम से पंद्रह लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स जमीन पर उतर चुके हैं जिनमें लगभग साठ लाख रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। अब साढ़े सात लाख करोड़ रुपए की परियोजनओं के साथ पांचवीं जीबीसी की तैयारी चल रही है। यह हकीकत है कि बेहतर कानून व्यवस्था और उद्योग अनुकूल नीतियों ने प्रदेश में निवेशकों को आवश्यक एवं पूरी तरह विश्वसनीय गंतव्य दिया है। ऐसे कदमों के विभिन्न महत्वाकांक्षी आयाम होते हैं जो गतिविधियों को विभिन्न रूपों में आगे बढ़ाते हैं। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2017 से जून 2025 के बीच प्रदेश को सत्रह हजार चार करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई प्राप्त हुआ। फैक्टरी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत यूनिट्स की संख्या चौदह हजार एक सौ उनहत्तर से बढ़कर करीब साढ़े इकतीस हजार हो गई है। प्रदेश का निर्यात छियासी हजार करोड़ रुपए से बढ़कर दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हो चुका है। उधर, एमएसएमई क्षेत्र तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। ओडीओपी योजना से स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिली है। इसके अलावा डिफेंस इंडिस्ट्रियल कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर यूनिट और डेटा सेंटर पार्क जैसी परियोजनाएं प्रदेश को हाईटेक उद्योगों के नए केंद्र के रूप में स्थापित कर रही हैं। यह सब इसलिए हो रहा है कि इनके लिए आवश्यक माहौल तैयार हो गया है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अब युद्ध का चेहरा बदल चुका हैं-राजनाथ सिंह**
पहले सेनापति नेतृत्व करते थे,अब सबसे पीछे!
**पहले जन्मे बच्चे अक्सर फायदे में रहते हैं-शोध**
बाद वालों को सुग्रीव, विभीषण बनना पड़ता है!
**अमेरिका में डिजिटल संवाद से गिर रही जन्मदर**
हर समस्या किसी दूसरी समस्या का समाधान!
**रामजन्मभूमि ट्रस्ट के अनुरोध पर एसाईटी गठित**
गौमांस विक्रेताओं के चंदे से राममंदिर बना है?
**प्रयागराज में बेटे ने करवाई वृद्ध पिता की हत्या**
इलाहाबाद का नाम बदलने से फर्क तो पड़ा है!
**ईरान से समझौते के बाद खुल जायेगा हार्मुज-ट्रंप**
नेतन्याहू के ग्रेट इजरायल ड्रीम का क्या होगा?

♦♦♦

# महंगाई का बढ़ता साया

भारत जैसे विशाल और विकासशील देश में महंगाई केवल एक आर्थिक शब्द नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन से जुड़ी एक ऐसी वास्तविकता है जो उनकी आय, बचत, भोजन, शिक्षा और भविष्य की योजनाओं को सीधे प्रभावित करती है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्टों और बाजार के रुझानों



- डॉ. प्रियंका सौरभ

से स्पष्ट है कि मार्च के बाद से रोजमर्रा की जरूरतों के सामान की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। खाद्य तेल, साबुन, डिटर्जेंट, कॉफी, हैंडवॉश, नमकीन, शैंपू और दालों जैसे आवश्यक उत्पादों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि ने आम उपभोक्ता की परेशानी को और बढ़ा दिया है। महंगाई का सबसे अधिक प्रभाव मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। इन वर्गों की आय सीमित होती है और उनके खर्च का बड़ा हिस्सा भोजन, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों पर खर्च होता है। जब रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं तो इनके पास बचत के अवसर कम हो जाते हैं। परिणामस्वरूप परिवारों को अपनी आवश्यकताओं में कटौती करनी पड़ती है या फिर कर्ज का सहारा लेना पड़ता है।

रिपोर्ट के अनुसार खाद्य तेलों की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि देखने को मिली है। जहां जून में इनमें 3 से 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, वहीं मार्च के बाद अब यह वृद्धि 20 से 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। भारत खाद्य तेलों की आवश्यकता का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और परिवहन लागत में वृद्धि ने खाद्य तेलों को महंगा बना दिया है।


महंगाई का दूसरा महत्वपूर्ण कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल भी महंगे हुए हैं। ऊर्जा किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। जब ईंधन महंगा होता है तो परिवहन लागत बढ़ जाती है। इसका असर खेतों से मंडियों तक, फैक्ट्रियों से बाजारों तक और गोदामों से उपभोक्ताओं तक हर स्तर पर दिखाई देता है। फलस्वरूप लगभग हर वस्तु की कीमत बढ़ जाती है।

आज कंपनियां भी बढ़ती लागत के दबाव में हैं। कच्चे माल, बिजली, परिवहन और पैकेजिंग की लागत बढ़ने से उत्पादन खर्च में वृद्धि हुई है। इस स्थिति में कंपनियां दो तरीके अपनाती हैं– या तो उत्पादों के दाम बढ़ाती हैं या पैकेट का आकार घटा देती हैं। उपभोक्ताओं को अक्सर यह महसूस नहीं होता कि समान कीमत पर मिलने वाला उत्पाद अब पहले से कम मात्रा में उपलब्ध है। इसे अर्थशास्त्र की भाषा में 'श्रिंकफ्लेशन' कहा जाता है। यह भी महंगाई का एक छिपा हुआ रूप है।महंगाई का सबसे स्पष्ट असर रसोई पर दिखाई देता है। एक मध्यमवर्गीय परिवार का मासिक रसोई बजट यदि पहले 15 हजार रुपये था तो कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यह खर्च अब 17 से 18 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि सुनने में छोटी लग सकती है, लेकिन सालभर में यह अतिरिक्त खर्च हजारों रुपये तक पहुंच जाता है। जिन परिवारों की आय स्थिर है, उनके लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। खेती में डीजल, खाद, बीज और कीटनाशकों की लागत बढ़ने से कृषि उत्पादन महंगा हुआ है। किसान को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता, जबकि उपभोक्ता को वही उत्पाद महंगे दामों पर खरीदना पड़ता है। इस प्रकार महंगाई का बोझ उत्पादक और उपभोक्ता दोनों पर पड़ता है, जबकि बीच की आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संरचना अधिक लाभ अर्जित करती है। महंगाई का सामाजिक प्रभाव भी गहरा होता है। जब आवश्यक वस्तुएं महंगी होती हैं तो परिवार सबसे पहले मनोरंजन, पर्यटन और विलासिता के खर्च में कटौती करते हैं। इसके बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे क्षेत्रों पर भी असर पड़ने लगता है। कई परिवार बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन खरीदने में असमर्थ हो जाते हैं। इससे कुपोषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर, शिक्षा पर होने वाले खर्च में कमी भविष्य की मानव पूंजी को प्रभावित करती है। आर्थिक दृष्टि से नियंत्रित महंगाई को विकास का संकेत माना जाता है, क्योंकि इससे मांग और उत्पादन में वृद्धि का संकेत मिलता है। लेकिन जब महंगाई आय वृद्धि से अधिक तेजी से बढ़ने लगे तो यह आर्थिक असंतुलन पैदा करती है। वर्तमान स्थिति में यही चिंता सामने आ रही है। वेतन और रोजगार की वृद्धि दर उतनी तेज नहीं है जितनी तेजी से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। इससे वास्तविक क्रय शक्ति कम हो रही है। भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार महंगाई को नियंत्रित करने के लिए समय-समय



पर कदम उठाते हैं। ब्याज दरों में परिवर्तन, आयात शुल्क में कमी, आवश्यक वस्तुओं के भंडारण पर निगरानी और बाजार में आपूर्ति बढ़ाने जैसे उपाय किए जाते हैं। हालांकि वैश्विक परिस्थितियों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और भू-राजनीतिक तनावों के कारण कई बार इन प्रयासों का प्रभाव सीमित रह जाता है। वर्तमान परिस्थितियों में सरकार को बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। खाद्य तेलों और आवश्यक वस्तुओं के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना होगा। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का विस्तार, भंडारण सुविधाओं का विकास और आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता बढ़ाना आवश्यक है। साथ ही जमाखोरी और कृत्रिम मूल्य वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखनी होगी। उपभोक्ता उत्पादों पर कर संरचना की समीक्षा भी उपभोक्ताओं को राहत देने में सहायक हो सकती है। उपभोक्ताओं की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। अनावश्यक खरीदारी से बचना, बजट आधारित खर्च करना, स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना और बचत की आदत विकसित करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। डिजिटल माध्यमों से कीमतों की तुलना कर बेहतर विकल्प चुनना भी खर्च कम करने में मददगार हो सकता है। महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि यह करोड़ों भारतीय परिवारों के जीवन स्तर, पोषण, शिक्षा और भविष्य की संभावनाओं से जुड़ा प्रश्न है। यदि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में इसी प्रकार निरंतर वृद्धि होती रही तो इसका प्रभाव केवल घरेलू बजट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास की गति पर भी पड़ेगा। इसलिए सरकार, उद्योग जगत और उपभोक्ताओं–तीनों को मिलकर संतुलित और दीर्घकालिक समाधान तलाशने होंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि विकास की चमक केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि आम आदमी की थाली, रसोई और जेब में भी दिखाई दे। जब तक महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होगा, तब तक आर्थिक प्रगति का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाएगा। महंगाई की चुनौती केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की साझा चुनौती है, जिसका समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्र विषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के सम्वाद में विश्वरूपदर्शन योग नामक ग्यारहवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः यथार्थगीता भाष्ये विश्वरूपदर्शनयोगो नामैकादशोऽध्यायः ।।11।।

इस प्रकार श्रीमत् परमहंस परमानन्दजी के शिष्य स्वामी अड़गड़ानन्दकृत 'श्रीमद्भगवद्गीता' के भाष्य 'यथार्थ गीता' में 'विश्वरूपदर्शन योग' नामक ग्यारहवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

।। हरिः ॐ तत्सत् - ।। ॐ श्री परमात्मने नमः ।।

।। अथ द्वादशोऽध्यायः ।।

एकादश अध्याय के अन्त में श्रीकृष्ण ने बार-बार बल दिया कि-अर्जुन ! मेरा यह स्वरूप जिसे तूने देखा, तेरे सिवाय न पहले कभी देखा गया है और न भविष्य में कोई देख सकेगा। मैं न तप से, न यज्ञ से और न दान से ही देखे जाने को सुलभ हूँ; किन्तु अनन्य भक्ति के द्वारा अर्थात् मेरे अतिरिक्त अन्यत्र कहीं श्रद्धा बिखरने न पाये, निरन्तर तैलधारावत् मेरे चिन्तन के द्वारा ठीक इसी प्रकार जैसा तूने देखा, मैं प्रत्यक्ष देखने के लिये, तत्त्व से साक्षात् जानने के लिये और प्रवेश करने के लिये भी सुलभ हूँ। अतः अर्जुन! निरन्तर मेरा ही चिन्तन कर, भक्त बन। अर्जुन ! तू मेरे ही द्वारा निर्धारित किये गये कर्म को कर। 'मत्परमः'- अपितु मेरे परायण होकर कर। अनन्य भक्ति ही उनकी प्राप्ति का माध्यम है। इस पर अर्जुन का प्रश्न स्वाभाविक है कि जो अव्यक्त अक्षर की उपासना करते हैं और जो सगुण आपकी उपासना करते हैं, इन दोनों में श्रेष्ठ कौन है?

यहाँ इस प्रश्न को अर्जुन ने तीसरी बार उठाया है। अध्याय तीन में उसने कहा- भगवन् ! यदि निष्काम कर्मयोग की अपेक्षा सांख्ययोग आपको श्रेष्ठ मान्य है, तो आप मुझे भयंकर कर्मों में क्यों लगाते हैं? क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦


**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

♦♦♦

# तृणमूल कांग्रेस : क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में एक और नाम

तृणमूल कांग्रेस की स्थापना 1 जनवरी 1998 को तत्कालीन केन्द्रीय रेल मन्त्री ममता बनर्जी ने की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की कांग्रेस शाखा से विद्रोह कर इस दल की स्थापना की थी। 2009 के लोकसभा चुनावों में बंगाल से 19 सीटें जीतकर



-तनवीर जाफ़री

यह देश की छठी सबसे बड़ी पार्टी बनी जबकि 2019 में 22 सीटें जीतकर देश की चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गयी। 2024 में भी तृणमूल कांग्रेस ने 29 सीटें जीतीं। परन्तु मात्र 28 वर्षों की राजनैतिक यात्रा तय कर पिछले दिनों विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह ढहती दिखाई दी। इसके लगभग 20 लोकसभा सांसदों, 3 राज्यसभा सांसदों व 58 विधायकों ने पार्टी छोड़ विद्रोह कर गये हैं। यह तृणमूल कांग्रेस के 28 साल के इतिहास में सबसे गंभीर राजनैतिक संकट है। अब ख़बरें यहाँ तक आ रही हैं कि जिस कांग्रेस पार्टी द्वारा पाली पोसी गयी तेज़ तर्रार नेता ममता बनर्जी ने उसी कांग्रेस से विद्रोह करते हुये उसे राज्य में तबाह कर अपना अलग राजनैतिक दल क़ायम किया था,संभवतः वही ममता अब पुनः अपने बचे खुचे दल व साथियों सहित कांग्रेस की शरण में जाने का सम्मानजनक रास्ता तलाश कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के पतन में जहां अनेक राजनैतिक कारण,चुनावी प्रक्रिया आदि की बातें की जा रही हैं वहीं इसके पीछे का सबसे प्रमुख कारण ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं की नाराज़गी बताई जा रही है। तो क्या अब तृणमूल कांग्रेस भी परिवारवाद की भेंट चढ़े देश के अनेक क्षेत्रीय दलों की सूची में शामिल हो गया है ?

तृणमूल कांग्रेस की ही तरह भारतीय राजनीति में अनेक क्षेत्रीय राजनैतिक दल परिवारवाद (वंशवाद) या विरासत की दावेदारी के चलते समाप्त हो गये, टूट गये या उनमें मतभेद सामने आये। उदाहरण के तौर पर महाराष्ट्र की शिवसेना में उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे के बीच में 2005-2006 गहरी राजनीतिक दरार पड़ी। जिसका मुख्य कारण शिवसेना के भीतर सत्ता संघर्ष और उत्तराधिकारी की लड़ाई था । उद्धव, बाल ठाकरे के बेटे हैं जबकि राज ठाकरे,बाल ठाकरे के भाई के बेटे यानी सगे भतीजे। चूंकि राज,बाल ठाकरे के सबसे क़रीबी सहयोगी थे इसलिये उन्हीं को बाल ठाकरे के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अंतिम दिनों में बाल ठाकरे ने अपने बेटे उद्धव को आगे बढ़ाया और राज को उद्धव का उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जाना नहीं भाया और शिवसेना में पहला बड़ा विघटन हो गया और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना मनसे के नाम से नया दल वजूद में आया जिसने शिवसेना को भारी नुक़सान पहुँचाया। इसी तरह इंडियन नेशनल लोक दल जिसके संस्थापक चौधरी देवी लाल थे,की विरासत उनके पुत्र ओम प्रकाश चौटाला ने संभाली आगे चलकर उनके दोनों पुत्रों अजय चौटाला व अभय सिंह चौटाला के बीच विरासत संभालने को लेकर हुये मतभेद में पार्टी दो हिस्सों बंटकर कमज़ोर गयी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव द्वारा गठित समाजवादी पार्टी में पहले तो 2016 -17 के बीच मुलायम सिंह यादव (पिता) और अखिलेश यादव (पुत्र) के बीच मुख्य मंत्री के पद व टिकट बंटवारे को लेकर गहरे मतभेद उभरे। बाद में अखिलेश के चचेरे भाई शिवपाल यादव ने 'राष्ट्रीय समाजवादी पार्टी' नामक एक नई पार्टी बना डाली। एक समय में तो सपा में तीन गुट बन गए थे। गोया सपा को भी परिवारवाद की आंच झेलनी पड़ी। उधर पंजाब में प्रकाश सिंह बादल के पुत्र सुखबीर बादल के शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी का अवसान शुरू हो गया। इसी तरह आर जे डी संस्थापक लालू यादव अपने पुत्र तेजस्वी यादव के मोह में कई वरिष्ठ सहयोगी खो बैठे। तेजस्वी यादव के भाई तेज प्रताप यादव के बीच तथा और आगे चलकर सभी बहनों के बीच विरासत का घमासान देखने को मिला। निश्चित रूप से इन सब से पार्टी कमज़ोर हुई और लोगों में इस पारिवारिक सिर फुटव्वल का ग़लत सन्देश गया। इसी तरह एन टी रामाराव द्वारा स्थापित तेलगू देशम पार्टी पर कभी उनकी दूसरी पत्नी लक्ष्मी पर्वती ने अपना अधिकार जमाना चाहा तो कभी दामाद चंद्रबाबू नायडू ने दल पर अधिकार जमाने की सफल क़वायद की। महाराष्ट्र में ही शरद पवार के परिवार में उनकी बेटी व भतीजे के बीच पार्टी विरासत को लेकर चले घमासान और पार्टी विघटन से सभी वाक़िफ़ हैं। मायावती भी पार्टी को वन मैन शो की तरह चला रही हैं और परिवारवाद की भावनाओं का शिकार होकर अपने भाई आनंद कुमार के बेटे यानी अपने भतीजे आकाश आनंद को आगे कर रही हैं। उत्तराधिकार के विवाद की चपेट में आर एल डी व ए,डी एम के व ए आई डी एम के भी



आ चुकी है। गोया देश के अधिकांश राजनैतिक दल परिवारवाद या विरासत के कारण उठे मतभेदों के चलते अवसान की ओर जा चुके हैं। परन्तु यह सब जानने के बावजूद बड़े से बड़े यहाँ तक कि दूसरे दलों पर परिवारवाद का ठप्पा लगाने वाले नेता भी परिवारवाद से मुक्त नहीं पाते। जैसे अभी नितीश कुमार को ही देख लीजिये। बिहार की सत्ता छोड़ते छोड़ते अपने ऐसे बेटे को स्वास्थ मंत्री बनवा गये जिसके अपने स्वास्थ को लेकर बिहार की जनता चिंतित है। परन्तु पुत्र मोह से बढ़कर आख़िर क्या है ? इसी तरह भाजपा के दर्जनों नेता जिन्होंने जीवन हर कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी होने का आरोप लगाया वे अपने बेटों पोतों या भाई भतीजों को अपनी राजनैतिक विरासत सौंप चुके हैं। रहा सवाल नेहरू गाँधी परिवार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधने का तो यह महज़ एक प्रोपेगंडा मात्र है। कांग्रेस की नेहरू गाँधी परिवार को नहीं बल्कि कांग्रेस को नेहरू गाँधी परिवार की ज़रुरत है। देश के लोग जानते हैं कि इस परिवार ने आज़ादी के संघर्ष से लेकर आज तक देश के लिये कितनी कुर्बानियां दी हैं और देश के विकास में क्या योगदान रहा है। लोकतंत्र की वर्तमान दयनीय होती स्थिति में भी क्षेत्रीय दलों की ख़ामोशी के बावजूद कांग्रेस पार्टी जिसतरह संघर्षरत है उसमें भी नेहरू गाँधी परिवार के सदस्यों की ही अहम भूमिका है। दूसरी ओर परिवारवाद के चलते या विरासत की जंग में अनेक क्षेत्रीय दलों का पतन होता जा रहा है। क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में अब तृणमूल कांग्रेस का नाम भी शामिल हो गया है।

## प्रेरक प्रसंग

### विश्वास की जीत

एक बार एक गांव में एक सज्जन पुरुष रहते थे, वे बहुत ही दयालु तथा हृदय ग्राही थे, किसी को भी कभी अपशब्द नहीं कहते थे। जो भी उनके घर आता वे अच्छे से उसका आथित्य सत्कार करते। लोग उनसे सलाह मशविरा लेने आया जाया करते थे।

एक बार एक कैदी जेल से भाग जाता है, पुलिस उसके पीछे लगी रहती है।

वह जब गांव के बीच पहुंचता है तो उसे एक घर का दरवाजा खुला दिखता है। वह घर उसी सज्जन पुरुष का था। वह बिना इजाजत के अन्दर प्रवेश करता है। जैसे ही वह कैदी अन्दर पहुंचता है तो वह सज्जन पुरुष बड़ी सौम्यता से कहते है, आइए महाराज आपका स्वागत है। उसे आराम से बिठाता है और कहता है कि तुम कौन हो और कहां से आ रहे हो। वह कैदी कहता है कि मैं रास्ता भटक गया हूं, क्या आप मुझे आज रात रहने की जगह दे सकते हैं। आपका बडा एहसान होगा। वह पुरुष कहता है- क्यों नहीं आप आराम से यहां रहिए, आप नहा लीजिए मैं आपके लिये खाने सोने की व्यवस्था करता हूं। जब तक वह कैदी नहाता है तब तक वह सज्जन पुरुष उसके लिए सब व्यवस्था करता है। खाने के बाद सब सो जाते हैं। लेकिन उसकी नियत खराब हो जाती है और वह वहां से सोने की चीजें चुरा लेता है और फिर भाग जाता है।

रास्ते में पुलिस उसे पकड़ लेती है। और जब पूछताछ करती है तो वह कहता है कि मैंने उस सज्जन पुरुष के यहां से यह चुराया है। उस कैदी को उस पुरुष के सामने लाया जाता है। लेकिन वह पुरुष कहता है कि यह सोने की वस्तु मैंने ही इसे दान में दी है।

उस कैदी की आंखें खुल जाती है और उस पुरूष से माफी मांगता है। और कहता है कि जब भी तुम्हें किसी चीज की जरूरत हो तो मांग लेना चाहिए ना की चुराना चाहिए।

## आपका पत्र मिला

### अंटार्कटिका की बर्फ का तेजी से पिघलना वैश्विक चेतावनी का संकेत

पृथ्वी का दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र अंटार्कटिका लंबे समय से वैश्विक जलवायु संतुलन का महत्वपूर्ण आधार माना जाता रहा है। यहां जमी विशाल बर्फ की चादरें सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करके पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

किंतु हाल के वैज्ञानिक अध्ययनों ने संकेत दिया है कि अंटार्कटिका की बर्फ अनुमान से कहीं अधिक तेजी से पिघल रही है। यह केवल तापमान वृद्धि का परिणाम नहीं है, बल्कि कई जटिल प्राकृतिक प्रक्रियाएं इस पिघलन को और अधिक तीव्र बना रही हैं। पत्रिका द क्रायोस्फीयर में प्रकाशित एक नए अध्ययन के अनुसार समुद्री लहरें अंटार्कटिक बर्फ के क्षरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऑस्ट्रेलियाई अंटार्कटिक मिशन के वैज्ञानिक रॉब मैसम के नेतृत्व में किए गए इस शोध में पाया गया कि जब समुद्री लहरें बर्फ की चादरों तक पहुंचती हैं, तो वे केवल बर्फ को तोड़ती ही नहीं हैं बल्कि उसकी ऊपरी चमकदार बर्फीली परत को भी हटा देती हैं। यह परत सूर्य के प्रकाश को वापस अंतरिक्ष में परावर्तित करती है और नीचे की बर्फ को गर्म होने से बचाती है। इसके हटते ही बर्फ अधिक सौर ऊर्जा अवशोषित करने लगती है, जिससे उसके पिघलने की गति बढ़ जाती है। अंटार्कटिका की स्थिति हमें स्पष्ट संदेश देती है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की नहीं, बल्कि वर्तमान की चुनौती है।

**सुभाष बुड़ावनवाला**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# ऋषिकेश की इन जगहों में परिवार के साथ बिताएं सुकून के कुछ पल

भारत के उत्तराखंड में स्थित ऋषिकेश अपनी आध्यात्मिकता, खूबसूरत नजारों और शांति के लिए जाना जाता है। यहां पर देश-विदेश से टूरिस्ट घूमने के लिए आते हैं। साल दर साल यहां पर टूरिस्टों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। वहीं अगर आप भी ऋषिकेश में छुट्टियां बिताने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज हम आपको ऋषिकेश की कुछ ऑफबीट जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर टूरिस्ट की ज्यादा भीड़ भी नहीं होती है, ऐसे में आप यहां पर सुकून के पल बिता सकते हैं। तो आइए जानते हैं इन जगहों के बारे में...

**नीरगढ़ झरना-** ऋषिकेश में गंगा नदी के अलावा आपको एक बहुत खूबसूरत नीरगढ़ झरना देखने को मिलेगा। यह झरना लक्ष्मण झूला के पास है। वहीं अगर आप ट्रैकिंग का शौक रखते हैं, तो यहां जाना आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगा। आप इस ट्रैकिंग के दौरान हिमालय की सुंदरता देख सकेंगे। जब आप नीरगढ़ झरने के पास पहुंचेंगे तो आपको यहां पर क्रिस्टल साफ पानी देखकर खुश हो जाएंगे। यह एक शांत जगह है। ऐसे में आप यहां पर सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं।

**ऋषिकुंड हॉट वाटर स्प्रिंग-** वहीं आप अपने परिवार के साथ त्रिवेणी घाट पर फेमस रघुनाथ मंदिर के बगल में ऋषि कुंड हॉट वाटर स्प्रिंग है। धार्मिक मान्यता है कि वनवास के दौरान प्रभु राम ने यहां पर स्नान किया था। यह शांत तालाब रघुनाथ मंदिर की सुंदरता को दर्शाता है। ऐसे में आपको भी यहां पर स्नान जरूर करना चाहिए। यह हॉट स्प्रिंग वाटर तनाव कम करने के साथ ही मांसपेशियों में दर्द, ब्लड सर्कुलेशन और स्किन संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाती हैं।



**झिलमिल गुफा-** बता दें कि ऋषिकेश में मणिकूट पर्वत की हरियाली के बीच लक्ष्मण झूला के पास तीन गुफाओं का समूह है। इसको झिलमिल गुफा के नाम से जाना जाता है। यह ऋषिकेश की एक ऑफ-बीट जगह है। यह गुफा जितनी सुंदर है, वहीं यहां तक पहुंचने का सफर भी बेहद खूबसूरत है। इस गुफा तक पहुंचने के लिए ट्रैकिंग के दौरान बेहद खूबसूरत नजारे दिखाई देते हैं।

**डोलीताल-** अगर आप प्रकृति के दीवने हैं, तो आपको डोडीताल जरूर आना चाहिए। हालांकि ऋषिकेश आने वाले लोग बहुत कम ही इस ऑफबीट जगह पर आते हैं। 3010 मीटर की ऊंचाई पर स्थित डोडीताल एक मीठे पानी की झील है और यह काफी पुरानी भी है। यह जगह पाइन, ओक और देवदार के पेड़ों से घिरी है। यहां तक पहुंचने के लिए आपको ट्रैकिंग करनी होती है।

**नीम बीच-** ऋषिकेश में भले ही समुद्र नहीं है, लेकिन यहां का नीम बीच काफी ज्यादा फेमस है। यह ऋषिकेश की बेहतरीन जगहों में से एक मानी जाती है। यहां पर शहर के शोरगुल से दूर गंगा नदी के तट पर और लक्ष्मण झूला के पास स्थित नीम बीच के पास आप सुकून के दो पल बिता सकते हैं। वहीं यहां का सनसेट और सनराइज का नजारा आपको मोहित कर देगा। यह ऋषिकेश का एकमात्र बीच है। यहां पर आप कार से भी आ सकते हैं।

# ब्लड शुगर से लेकर त्वचा तक भुट्टा है स्वास्थ्य का खजाना

बारिश के दिनों में भुट्टे की महक दूर तक महकती है और भारत में ज्यादातर लोगों की भुट्टा पहली पसंद हैं। लेकिन, क्या आप लोग जानते हैं मकई के खाने के चमत्कारी फायदों के बारे में- मक्का यानी कॉर्न एक स्वस्थ अनाज है, जो फाइबर, विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्रोत है। यह आंखों और पाचन स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद है। मक्का दुनिया के सबसे लोकप्रिय अनाजों में से एक है। इसे दुनिया भर में कई सारी किस्मों में उगाया जाता है। पॉपकॉर्न और स्वीट कॉर्न इसकी लोकप्रिय किस्में हैं। लोग इसे कई अलग-अलग तरीकों से खाना पसंद करते हैं। स्वाद में बेहतरीन यह अनाज गुणों अगर आपको ये जानकर हैरानी होगी कि मकई खाने से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

**पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है :** मक्का में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो डाइजेस्टिव सिस्टम को स्वस्थ रखने में मदद करता है। यह कब्ज को दूर करता है और आंतों की सफाई में मदद करता है। अगर आप पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं, तो मक्का को अपने आहार में शामिल करें।

**दिल के लिए अच्छा :** मक्का में एंटीऑक्सीडेंट और अच्छे फैट्स होते हैं जो हृदय की सेहत को बनाए रखने में मदद करते हैं। यह खून की धमनियों को साफ रखने में मदद करता है, जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है।

**हड्डियों को मजबूत बनाता है :** मक्का में मैग्नीशियम, फास्फोरस और जिंक जैसे मिनरल्स होते हैं, जो हड्डियों की सेहत को बनाए रखने में मदद करते हैं। नियमित रूप से मक्का खाने से हड्डियां मजबूत और स्वस्थ रहती हैं। मक्का में कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं, जो शरीर को एनर्जी देता हैं। यदि आपको जल्दी थकान महसूस होती है, तो मक्का आपके शरीर को ताजगी और एनर्जी देने में मदद करेगा। यह शरीर के लिए एक ताजगी का स्रोत है।



**ब्लड शुगर कंट्रोल करें :** अगर आप को हाई ब्लड शुगर से जूझ रहे हैं तो मकई के दाने आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। फाइबर का एक अच्छा स्रोत होने की वजह कॉर्न ब्लड स्ट्रीम में शुगर के अब्जॉर्प्शन को कम करता है। इसकी वजह से डायबिटीज या प्रीडायबिटीज वाले लोगों में ब्लड शुगर के लेवल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसी के साथ फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और विटामिन से समृद्ध स्रोत के तौर पर डायबिटीज में मकई को शामिल करने की सलाह दी जाती हैं। मकई का उपयोग कर डायबिटीज की समस्या में कुछ हद तक राहत पाई जा सकती है।

**आंखों के लिए फायदेमंद :** कॉर्न में ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। यह दोनों कैरोटीनॉयड आंखों के लिए महत्वपूर्ण हैं। मकई में एंटीऑक्सीडेंट, ल्यूटिन और जैक्सैन्थिन भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह सभी गुण आंखों की रोशनी को बचाने में मदद करता है।

**त्वचा को चमकदार बनाए :** मक्का में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो त्वचा की सेहत के लिए फायदेमंद हैं। यह झुर्रियों को कम करने में मदद करता है और त्वचा को निखारता है।

## सुबह टमाटर का जूस पीने से मिलेंगे जबरदस्त फायदे

टमाटर का जूस नियमित रूप से खाना शरीर के लिए कई तरह के फायदेमंद होता है। इसे खाने से त्वचा, बाल, हड्डियां और इम्युनिटी मजबूत होती है। खासकर सर्दियों में टमाटर का जूस पीना ज्यादा फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि सर्दियों में इन्फेक्शन और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में टमाटर का जूस पीने के कई फायदे हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में। **माटर के जूस के फायदे- त्वचा बेहतर बनाता है-** टमाटर में विटामिन-सी और लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ उसकी रंगत बनाए रखते हैं। इसे पीने से झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही, यह पिग्मेंटेशन और मुंहासों की समस्याएं भी कम करता है। **पाचन में सुधार होता है-** टमाटर का जूस पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है। यह पेट में एसिडिटी और अपच की समस्या को कम करने में मदद करता है। टमाटर में फाइबर होता है, जो आंतों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और कब्ज से राहत दिलाने में मददगार होता है। **वजन घटाने में मदद करता है-** टमाटर का जूस कम कैलोरी और हाई फाइबर वाला होता है, जो वजन घटाने में मददगार हो सकता है। इसे पीने से पेट को भरा हुआ महसूस होता है, जिससे आप कम खाते हैं और ओवरईटिंग से बचते हैं।



# खर्राटों से पाना है छुटकारा तो करें ये योगासन



ते समय खर्राटे लेना एक आम बात है लेकिन कई लोगों के लिए ये चिंताजनक भी हो सकती है। खर्राटे की आवाज के कारण हमारे आस-पास के लोगों की नींद में भी खलल पड़ता है। ये आवाज सांस लेने के दौरान होने वाली रुकावटों की आवाज होती है। लोगों को लगता है के ये एक आम सी परेशानी है लेकिन क्या आप जानते हैं ये आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है। दरअसल, इसे लेने वाले व्यक्तियों में हाई कोलेस्ट्रॉल के साथ-साथ दिल से जुड़ी बीमारियां होने की भी संभावना बनी रहती है। वैसे तो इसे रोकने या बंद करने के लिए आज कल बहुत से गैजट्स आपको मिल जाएंगे लेकिन ये असर करे या नहीं इनका पता नहीं होता। ऐसे में अगर आप भी इस से निजात पाना चाहते हैं तो आपको हम आज योग और प्राणायाम की मदद से इससे छुटकारा दिलाने के बारे में बताएंगे।

**भ्रामरी प्राणायाम-** इस तरह भ्रामरी प्राणायाम खर्राटों के कई कारण जैसे कि इस प्रेस खराब, ब्लड, सरकुलेशन, मोटापा आदि को कम करता है जिससे आपके खर्राटे रोकने में मदद मिलती है। इस प्राणायाम को करने के लिए आप एक शांत जगह पर बैठ जाएं और अपनी आंखों को बंद कर ले। अपनी तर्जनी को अपने कानों पर रखें। इसके बाद सांस अंदर ले और सांस छोड़ते हुए अपनी उंगलियों से कार्टिलेज को दबाए। इसके बाद बार-बार सांस लें और छोड़ें लगभग 6 से 7 बार इसी पैटर्न को दोहराए।

**भुजंगासन या कोबरा पोज-** खर्राटों की समस्या दूर करने के लिए सबसे बेस्ट योगासन है भुजंगासन। इस आसन को करने के दौरान व्यक्ति का चेस्ट यानी सीना पूरी तरह से खुल जाता है। इस पॉस्चर में हमारे फेफड़े क्लियर हो जाते हैं और वायु मार्ग भी क्लीन और फ्री हो जाता है जिससे खर्राटे लेने की आशंका कम हो जाती है। साथ ही साथ इस योगासन को करने से शरीर में ऑक्सिजन और ब्लड फ्लो भी रेग्युलेट होता है जिससे आपकी ब्रीदिंग और शरीर के बाकी फंक्शन्स भी बेहतर तरीके से काम करने लगते हैं। **कपाल भाति प्राणायाम-** इसे करने के लिए अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए, आराम से बैठ जाएँ। अपने हाथों को आकाश की तरफ, आराम से घुटनों पर रखें। एक लंबी गहरी साँस अंदर लें। साँस छोड़ते हुए अपने पेट को अंदर की ओर खींचे। अपने पेट को इस प्रकार से अंदर खींचे की वह रीढ़ की हड्डी को छू ले। जितना हो सके उतना ही करें।

# नींबू और दही को बालों पर लगाने के हैं कई फायदे



आज-कल लगभग हर दूसरा व्यक्ति बालों से जुड़ी समस्याओं से परेशान होता है। ऐसे में लोग सैलून जाकर इन समस्याओं से राहत पाते हैं। एक बार सैलून जाने में हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं। ऐसे में बहुत से लोग अक्सर दादी-नानी के नुस्खे अपनाते हैं। इसी क्रम में हम आपको बालों के लिए नींबू और दही का मिश्रण बालों में लगाने का सही तरीका बताने जा रहे हैं। ये बालों के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इन दोनों चीजों के पास बालों की देखभाल के लिए कई गुण हैं, जैसे कि दही बालों को मुलायम बनाता है, जबकि नींबू बालों को चमक और स्वास्थ्य प्रदान करता है।ऐसे में आप बिना सोचे इसका इस्तेमाल हेयर केयर में कर सकते हैं। यहां हम आपको न सिर्फ इनके फायदों के बारे में बताएंगे, बल्कि इसके इस्तेमाल का सही तरीका भी बताएंगे।

**इस्तेमाल का सही तरीका-** यदि आप दही और नींबू की मदद से हेयर मास्क बनाना चाहती हैं तो 1-2 टेबलस्पून ताजा दही और 1 टेबलस्पून ताजा नींबू का रस निकालकर अलग रख लें। बालों को थोड़ा गीला कर लें, फिर इस मिश्रण को स्कैल्प से लेकर बालों के सिरों तक अच्छे से लगाएं। 20-30 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर हल्के शैंपू से बाल धो लें। आप इसे सप्ताह में 1-2 बार इस्तेमाल कर सकते हैं। यह मिश्रण बालों को स्वस्थ रखने के लिए एक प्राकृतिक और प्रभावी उपाय है।

**ये होंगे फायदे- बालों का झड़ना कम करना-** नींबू में विटामिन सी होता है, जो बालों के विकास में मदद करता है और दही बालों को मजबूत बनाता है।

# इन तेल से करें चेहरे की मालिश, त्वचा रहेगी जवां और झुर्रियां भी होंगी कम



उम्र के साथ चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइन्स आना आम बात है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ प्राकृतिक उपायों से आप अपनी त्वचा को जवां बनाए रख सकते हैं? इनमें से एक है रात में सोने से पहले चेहरे की तेल से मालिश करना। यह न केवल आपकी त्वचा को पोषण देता है, बल्कि उसे चमकदार और कोमल भी बनाता है। आइए जानें चेहरे पर तेल मालिश करने के फायदे और किन ऑयल्स का इस्तेमाल चेहरे की मसाज करने के लिए किया जा सकता है।

**क्यों है चेहरे की मालिश जरूरी?**

ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है- चेहरे की मालिश ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाती है, जिससे स्किन सेल्स को ज्यादा ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं। त्वचा को टोन करता है- नियमित मालिश चेहरे की मांसपेशियों को टोन करती है, जिससे त्वचा ढीली नहीं होती। झुर्रियों को कम करता है- मालिश से त्वचा में कोलेजन का प्रोडक्शन बढ़ता है, जो झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। तनाव कम करता है- चेहरे की मालिश तनाव को कम करने में मदद करती है, जिसका सीधा असर त्वचा पर पड़ता है।

**फेस मसाज के लिए कौन-सा तेल है सबसे अच्छा?**

चेहरे की मालिश के लिए कई तरह के तेलों का इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे-

**नारियल का तेल-** नारियल का तेल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो स्किन को फ्री रेडिकल्स से बचाता है। यह त्वचा को मॉइश्चराइज भी करता है।

**बादाम का तेल-** बादाम का तेल विटामिन-ई से भरपूर होता है, जो त्वचा को पोषण देता है। यह डार्क सर्कल्स को कम करने में भी मदद करता है। जैतून का तेल- जैतून का तेल विटामिन-ए और ई से भरपूर होता है, जो त्वचा को नरम और चमकदार बनाता है।

**अर्गेन ऑयल-** अर्गेन ऑयल विटामिन-ई और फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो त्वचा को हाइड्रेट और मजबूत बनाता है।

**चेहरे की मालिश कैसे करें?**

चेहरा साफ करें- सोने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से साफ कर लें।

**तेल लगाएं-** अपनी उंगलियों पर कुछ बूंदें तेल लें और इसे चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं।

**मालिश करें-** हल्के हाथों से चेहरे पर गोलाकार गति में मालिश करें। आंखों के आसपास की त्वचा पर बहुत हल्के हाथों से मालिश करें। कुछ समय के लिए छोड़ दें- तेल को कुछ देर के लिए चेहरे पर लगा रहने दें। चेहरा धो लें- सुबह उठकर चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इन बातों का ध्यान रखें फेस मसाज के दौरान धीरे-धीरे मालिश करें। मालिश के दौरान चेहरे पर ज्यादा दबाव न डालें। मालिश के बाद चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। अगर आपको किसी भी प्रकार की एलर्जी है तो किसी डॉक्टर से सलाह लें। चेहरे की मालिश नियमित रूप से करने से आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। किसी भी नए तेल का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।

## बनाएं स्वादिष्ट और हेल्दी ओट्स पनियारम

### सामग्री

ओट्स का बैटर - 1 कप
गुड़ - 5 बड़े चम्मच (पिसा हुआ)
नारियल - आधा कप (कद्दूकस किया हुआ)
नमक - स्वादानुसार
घी या तेल - 1-2 चम्मच
पानी - आवश्यकतानुसार
इडली सांचा या पनियारम पैन

### विधि

सबसे पहले एक बाउल में ओट्स का बैटर लें। इसमें पिसा हुआ गुड़, कद्दूकस किया हुआ नारियल और स्वादानुसार नमक डालें। सभी सामग्री को अच्छे से मिक्स करें। गुड़ घुलने के कारण घोल थोड़ा पतला हो सकता है। अगर ऐसा हो तो ओट्स का थोड़ा और बैटर मिलाकर इसे गाढ़ा करें। ध्यान रखें कि घोल ज्यादा पतला न हो, वरना पनियारम सही आकार में नहीं बन पाएंगे। सांचे में घी या तेल की कुछ बूंदें डालें ताकि पनियारम चिपके नहीं। तैयार घोल को सांचे में एक चम्मच डालें। ध्यान रखें कि सांचे को पूरा न भरें, क्योंकि पकने के दौरान पनियारम थोड़ा फूलता है। धीमी आंच पर पकाएं और हर तरफ से सुनहरा होने तक सेंकें। जब पनियारम पक जाए, तो उन्हें सांचे से निकाल लें। गरमा-गरम पनियारम को चाय, दूध या कॉफी के साथ परोसें।

ये पनियारम इतने स्वादिष्ट होते हैं कि आप इन्हें सादे भी खा सकते हैं। चाहें तो इन्हें नाश्ते के तौर पर या मिठाई के रूप में परोस सकते हैं। त्योहारों और खास मौकों पर इसे आसानी से तैयार कर सकते हैं। तो देर किस बात की? इस आसान रेसिपी को ट्राई करें और अपने परिवार के साथ इसका आनंद लें।



## नाश्ते में बनाएं एग फ्राइड राइस




**सामग्री :-**

1 कप उबला हुआ चावल
2 अंडे
1 प्याज (बारीक कटा हुआ)
1 गाजर (बारीक कटा हुआ)
1/4 कप हरी मटर
2-3 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई)
1-2 चम्मच सोया सॉस
1/2 चम्मच काली मिर्च
1/2 चम्मच नमक
2 चम्मच तेल
1 चम्मच हल्दी
कुछ हरा धनिया सजाने के लिए

### विधि

सबसे पहले रात के बचे हुए चावल निकाल लें अगर रात के बचे हुए चावल नहीं हैं तो चावल को अच्छे से धोकर उबाल लें। चावल थोड़े सख्त हों, ताकि वे फ्राई करते वक्त चिपके नहीं। एक बर्तन में अंडों को अच्छे से फेंट लें। इसमें आप स्वाद अनुसार नमक और काली मिर्च भी डाल सकते हैं। इसके बाद एक कढ़ाई में तेल गर्म करें। इसमें प्याज, हरी मिर्च, गाजर और हरी मटर डालकर 2-3 मिनट तक सॉटे करें, जब तक सब्जियां थोड़ी नरम न हो जाएं। अब इस मिश्रण में फेंटे हुए अंडे डालें। अंडे को अच्छे से हिलाते हुए पकाएं, ताकि वह तले हुए (पंखा) हो जाएं और सब्जियों के साथ अच्छे से मिल जाएं। अब उबले हुए चावलों को कढ़ाई में डालें। चावल को अच्छे से मिलाते हुए पकाएं, ताकि सब्जियां और अंडे चावल में अच्छे से मिक्स हो जाएं। अब इसमें सोया सॉस, नमक और काली मिर्च डालकर अच्छे से मिला लें। कुछ लोग हल्का सा चीनी भी डालते हैं, जिससे स्वाद में हल्की सी मिठास आती है, लेकिन यह विकल्प है। अंत में, हरे धनिए से सजाएं और गरमा गरम एग फ्राइड राइस सर्व करें। यह रेसिपी लगभग 15-20 मिनट में तैयार हो जाती है, जिससे यह एकदम परफेक्ट है जब आपके पास समय कम हो, लेकिन स्वाद में कुछ खास चाहिए!तो अगली बार जब आपको कुछ जल्दी और टेस्टी खाना बनाना हो, तो एग फ्राइड राइस ट्राई करें और सबको खुश कर दें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

### सोमवार, 15 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे। अमावस्या तिथौ सोम वासरे 08/25/ मृगशिरा नक्षत्रे 19/09/ शूल योग 18/56/ नाग करणे 08/25/ मिथुन राशिगत चन्द्रमा 08घं.41 मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** स्नान दान की अमावस्या/सोमवती अमावस्या/ अधिक मास समाप्ति।

**मेष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कॉलेज से जुड़े किसी काम की भागदौड़ रहेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में रुतबा बढेगा।

**वृष :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे, जिनको आप अपने बिजनेस में इन्वेस्ट करके बिजनेस बढ़ाएंगे।

**मिथुन :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आपको कम मेहनत के उपरांत भी अच्छा लाभ होगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**कर्क :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए।

**मीन :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। वर्किंग पेरेंट्स आज अपने बच्चो के लिए समय निकालेंगे और बच्चों के साथ गेम खेलेंगे।

**अधिवक्ता भवन का फर्श बनवाये जाने की क्षेत्रीय विधायक से की मांग'**

कोंच(जालौन)। बार एशोसिएशन अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह गुर्जर व महामंत्री अवनीत कुमार श्रीबास्तव ने दिन रबिवार को क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन को अनुरोध पत्र सौंपते हुए बताया कि सिविल जज न्यायालय जूनियर डिवीजन पास स्थित अधिवक्ता भवन का फर्श अत्यंत जीर्ण शीर्ण हो गया है जिसमें बरसात के दिनों में पानी भर जाता है और वादकारी बुजुर्ग एवं अधिवक्तागण गिरकर चुटहिल होने की संभावना बनी रहती है बार संघ अध्यक्ष ने विधायक से अधिबक्ता भवन के फर्श का निर्माण करवाकर उसपर पत्थर अथवा टाइल्स डलवाये जाने की मांग की है।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रक्तदाताओं का किया सम्मान



**-जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में 09 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान,**

**उरई(जालौन)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल उरई में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा समाज के अन्य लोगों से भी रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है, बल्कि यह मानव जीवन की रक्षा का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर रक्तदान अभियान से जुड़ने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुल 09 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों में सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित रक्तदान से न केवल जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जेजे राम, चिकित्सकगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस



ललितपुर। प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. मयंक कुमार शुक्ला स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के मार्ग दर्शन में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 'विश्व रक्तदान दिवस' का आयोजन किया गया। आयोजन में सर्वप्रथम आयोजन के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आजाद अंसारी, राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा हरिश्चन्द्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, महिला आयोग सदस्य श्रीमती अर्चना पटेल, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मुहम्मद मुस्ताक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद, प्रभारी चिकित्साधिकारी रक्त केन्द्र डॉ. एम.एस. राजपूत, डॉ. एम.सी. गुप्ता, डॉ. प्रिया जैन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में 14 जून को 'विश्व रक्तदाता दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, अध्यक्ष एवं मंचासीन समस्त पदाधिकारियों का पुश्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आजाद अंसारी द्वारा फीता काटकर रक्तदान का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. मयंक कुमार शुक्ला स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. गजेन्द्र सिंह के साथ चिकित्सा महाविद्यालय से डॉ. सौरभ साहू, डॉ. चेतनराज, डॉ. मनीश गुप्ता, डॉ. अनुपम मिश्रा, डॉ. प्रियंका गुबरेले, डॉ. अभ्युिदय शर्मा, डॉ. निखिल गुप्ता, द्वारा रक्तदान किया गया व रक्तदान शिविर में अमर उजाला फाउण्डेशन एवं रक्तदान समूह सेवा समिति के सहयोग से 50 रक्तदाताओं के द्वारा पंजीकरण एवं 35 रक्तदाताओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया व विश्व रक्तदाता दिवस' के मौके पर जिन्होने विगत वर्ष में लगातार एवं अधिक से अधिक रक्तदान करने वाले समिति एवं रक्तदाताओं को मंचासीन सदस्यों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मूमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित किया गया। राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज द्वारा कहा गया कि रक्तदान केवल एक समाजिक दायित्व नहीं है, वल्कि किसी के जीवन में नई आशा का संचार करने का सबसे बडा माध्यम है इस कार्य के लिए आगे आये व सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा कहा गया कि सभी देवतुल्य रक्तदाताओं को हार्दिक धन्यवाद, जो निश्वार्थभाव से रक्तदान करके लोगो की जान बचाते है आप मानवता की सच्ची मिशाल है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन द्वारा कहा गया कि रक्तदान एक स्वास्थ्य वर्धक प्रक्रिया के साथ ही नेक एवं पुनीत कार्य भी है। प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. मयंक कुमार शुक्ला, द्वारा बताया गया कि ''रक्तदान जीवनदान'' रक्तदान जीवनरक्षक है जिसे कृतिम रूप से नहीं बनाया जा सकता अपितु केवल मानव शरीर से ही प्राप्त किया जा सकता है, रक्तदान किसी जरूरतमंद का अनमोल जीवन बचा सकता है किसी भी अन्य कार्य से बढकर आत्म संतुश्टि प्रदान करता है व विश्व रक्तदाता दिवस दुनिया भर में रक्तदान के महत्व को बढावा देने और स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है, यह दिन उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर भी है जो अपने रक्तदान से अनगिनत जिन्दगियों को बचाने में योगदान देते है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेन्द्र सिंह, द्वारा समस्त मंचासीन अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि विश्व में रक्त दान क्यों किया जाता है, इस संबंध में बताते हुये बताया गया कि रक्तदान करने से कई प्रकार की संक्रमण या बिमारियों का पता चलता हैं व आज भी दुनिया में रक्त को हम बना नही सकते हैं, इसलिए रक्त दान करते रहना चाहिए, जो भी रक्तदान करता है वह अस्पताल एवं रक्त की आवश्यकता वाले व्यक्ति के लिए भगवान होता है और हमें समाज में भी रक्तदान के लिए सभी पुरूष/महिला को रक्तदान करने हेतु प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर मिडिया प्रभारी डॉ. विशाल जैन, डॉ. डी.वी. सिंह, डॉ. मनीश माथुर, डॉ. निर्भय नारायण एवं नन्दलाल यादव हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर, आर.के.एस. महेन्द्र पटेल, मैनेजर सीनियर रेसीडेन्स, जूनियर रेसीडेंस एवं अधिकारी व कर्मचारी इत्यादि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों में उमड़े मरीज, 134 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

कालपी (जालौन)। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। कालपी, महेवा, बावई और चुर्खी स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में लगे मेलों में कुल 134 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराई गई। साथ ही लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में आयोजित मेले की अध्यक्षता चिकित्साधिकारी डॉ. अमित पोरवाल ने की। यहां 52 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 32 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल रहीं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार के नेतृत्व में आयोजित मेले में 28 मरीजों का उपचार किया गया। वहीं बावई स्वास्थ्य केंद्र में 31 और चुरखी में 23 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूप से बचने और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी गई।

# सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय जन कल्याण मेला का हुआ शुभारम्भ



उरई : जन कल्याण मेला का निरीक्षण करते विधायक ।

**कोंच(जालौन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के लगातार 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिन रविवार को विकासखंड परिसर में समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान तथा स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने किया।

मेले का उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना है इस दौरान विकासखंड परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और आवेदन प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

मेले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पशुपालन विभाग होम्योपैथी विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित कई महत्वपूर्ण विभागों के स्टॉल लगाए गए विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने नागरिकों को योजनाओं की पात्रता लाभ एवं पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं उन्होंने कहा कि ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों से लोगों को योजनाओं की सही जानकारी मिलती है और वे सीधे लाभ प्राप्त कर सकते हैं उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

मेले में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया जहां लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया साथ ही लाभार्थी पंजीकरण और जनजागरूकता संबंधी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर विकासखंड अधिकारी प्रशांत कुमार ब्लॉक प्रमुख रानी देवी सुनील शर्मा अवर अभियंता हरिश्चंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) आंगनबाड़ी विभाग और पंचायती राज विभाग के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की इस मौके पर विकास पटेल धनोरा विपिन पटेल सुनील शर्मा प्रशांत श्रीवास्तव कुसुम निरंजन सिंह देवेंद्र निरंजन देवीशरण आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता अंजली ममता रमा संगीत माधुरी सुमन स्वास्थ्य विभाग से डॉ रानी वीरेंद्र सिंह एलटी रज्जू पटेल राजकुमारी कौशल पटेल अरविंद सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सरकार की 12 साल की उपलब्धियों का किया गया प्रचार-प्रसार



उरई : ब्लाक कुठौंद में जनकल्याण शिविर ।

**-ब्लाक कुठौंद में जनकल्याण शिविर का आयोजन,**

**कुठौंद (जालौन)।** विकासखंड कुठौंद के मीटिंग हाल में 14 से 16 जून 2026 तक जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र और प्रदेश सरकार की 12 वर्षों (2014-2026) की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के संचालक प्रभारी खंड विकास अधिकारी सतीश चंद्र वर्मा हैं, जबकि संचालन रवि यादव (प्रभारी एनआरएलएम) ने किया। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य अनिरुद्ध दुबे उर्फ रामू एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने की।

इस अवसर पर बीडीओ सतीश चंद्र वर्मा ने कहा कि 2014 से 2024 तक लगातार तीसरी बार जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि 10 जून 2026 का दिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में मील का पत्थर होगा, क्योंकि इस दिन प्रधानमंत्री मोदी पंडित जवाहरलाल नेहरू को पीछे छोड़कर देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बन जाएंगे। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने श्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासश् को जनआंदोलन बनाया है। पीएम आवास योजना से 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के मकान, उज्ज्वला योजना से 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना आदि से ग्रामीण विकास को गति मिली है।शिविर में भाजपा पदाधिकारी मनोज यादव, रुद्र प्रताप सिंह, संतोष प्रजापति, राजीव पांडे, अनीता सिंह सेंगर, शिवम दुबे, अनिल पाल, मानवेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह सेंगर, अनूप मिश्रा, नारायण तिवारी, आरपी वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता, विकास, अरुण कुमार, तकनीकी सहायक, मिशन स्टाफ एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।15 जून को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा, जहां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। 16 जून को जनकल्याण शिविर में प्रबुद्धजन एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा सकुशल



उरई : परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते अधिकारी ।

**उरई(जालौन)।** प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा जनपद जालौन के 06 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, पहचान सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर सतर्क निगरानी बनाए रखें।

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चैबंद रखा गया है। जनपद के 06 परीक्षा केंद्रों पर कुल 2332 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनके सापेक्ष 870 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा पूरे जनपद में शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई ।

## नवागन्तुक क्षेत्रीय बनाधिकारी ने पदभार संभालते ही हरित क्रांति का दिया संदेश'

'कोंच'(जालौन)। जनपद बरेली के मूल निवासी संजीब कुमार तिवारी क्षेत्रीय बनाधिकारी ने बन क्षेत्र कोंच में आकर पदभार संभाला और पदभार संभालते ही अधीनस्थों के पेंच कसते हुए हरित क्रांति का संदेश दे डाला नवागन्तुक क्षेत्रीय बनाधिकारी ने प्रेस से एक सूक्ष्म सी मुलाकात करते हुए बताया कि इसके पूर्व जनपद बदायूं पीलीभीत शाहजहाँपुर लखीमपुर आदि जनपदों में अपनी सेवाएं दे चुका हूं और शासन ने मुझे बन प्रभाग उरई की कोंच क्षेत्र में मुझे भेजा गया है शासन की निर्देशानुसार कार्य करते हुए बुन्देलखण्ड को हरा भरा बनाये जाने में सहयोग करते हुए बन क्षेत्र कोंच मैं अधिक से अधिक बृक्षारोपण कर हरित क्रांति का लक्ष्य पूरा करने के लिए दृण प्रतिज्ञ रहूंगा उन्होंने आगे बताया कि बृक्ष लगा देना ही हमारी प्राथमिकता नहीं है हमें उसका पालन पोषण करना भी प्राथमिकता में लेना पड़ेगा और अवैध कटान पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा।

## न्यायालय के मुख्य द्वार पर वाटर कूलर लगवाए जाने की अधिबक्ताओं ने की मांग

**कोंच(जालौन)।** बार एशोसिएशन के अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह गुर्जर एवं महामंत्री अवनीत कुमार श्रीबास्तव ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी को एक पत्र देते हुए बताया कि न्यायालय सिविल जूनियर डिवीजन में दूर दराज से वादकारी व अधिबक्तागण आकर पानी के लिए परेशान होते हैं क्योंकि इस भीषण गर्मी में न्यायालय परिसर में शीतल जल की कोई व्यबस्था नहीं है जिस पर अध्यक्ष व महामंत्री ने पालिका परिषद के अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी से न्यायालय के मुख्य द्वार के बगल में एक वाटर कूलर लगवाए जाने की मांग की है जिससे आने बाले लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके।

## अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर प्रशासन का शिकंजा, तीन दिन में 19 वाहन सीज



कालपी (जालौन)। अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए लगातार तीसरे दिन भी व्यापक अभियान चलाया। संयुक्त टीम की कार्रवाई में शनिवार रात 15 ओवरलोड बालू लदे वाहनों को पकड़कर सीज कर दिया गया। इससे पहले चार वाहनों पर कार्रवाई की जा चुकी थी। तीन दिनों में कुल 19 वाहनों के विरुद्ध सीज की कार्रवाई होने से वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी अमित शेखर के नेतृत्व में खनन, परिवहन, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें यमुना पुल, जोल्हूपुर, कदौरा और आसपास के मार्गों पर 24 घंटे निगरानी कर रही हैं। देर रात चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बड़ी संख्या में वाहनों की जांच की गई, जिसमें 15 वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक बालू लादकर परिवहन करते पाए गए। पकड़े गए सभी वाहनों को सीज कर पुलिस अभिरक्षा में गल्ला मंडी परिसर में खड़ा कराया गया है। अभियान की निगरानी स्वयं उपजिलाधिकारी अमित शेखर और क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार द्वारा की जा रही है। अधिकारियों ने रातभर विभिन्न चेकिंग प्वाइंटों का निरीक्षण कर

# प्रभारी मंत्री ने मीडिया संवाद कर सरकार के कार्यकाल की बतायीं उपलब्धियां



**-सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद को मिला 13वां स्थान, 53 योजनाओं में पाई 'ए' रैंकिंग**

**ललितपुर।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरुकता अभियान के तहत जिले के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश दानिश आजाद अंसारी ने जहां एक ओर जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को जनकल्याण की योजनओं और विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के निर्देश दिये, तो वहीं विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र, कृषि यंत्र, स्मार्ट फोन, चैक, आयुष्मान कार्ड एवं आवासों की डेमो चाभी लाभार्थियों को सौंपकर प्रधानमंत्री के कार्यकाल की उपलब्धियां बतायीं। बैठक में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मुहम्मद मुश्ताक सहित अन्य अधिकारीगणों ने जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बताया कि इस माह सीएम डैशबोर्ड पर जिले को ऑवरऑल रैंकिंग में 13वां स्थान प्राप्त हुआ है और निर्धारित इंडीकेटर्स पर 53 योजनाओं को ए तथा 8 योजनाओं को बी एवं सी ग्रेड प्राप्त हुआ है, इस पर प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि निर्माण सहित सभी योजनाओं में किसी भी दशा में रैंकिंग नीचे नहीं आनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी व विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार शहर में 24 तथा ग्रामीण इलाकों में 48 घण्टे में खराब ट्रांसफामर बदले जायें या उनकी मरम्मत की जाए, इसके अलावा जनपद में कहीं भी अनावश्यक विजिलेंस के नाम पर आमजनता को परेशान न किया जाए, शासन स्तर से बजट में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था एकदम चुस्तदुरुस्त रखी जाए, पीढ़ित को त्वरित न्याय मिलना चाहिए। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों व अधिकारियों ने विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं में 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन, 16 लाभार्थियों को 1 करोड़ 22 लाख 56 हजार का ऋण व ट्रेक्टर ट्राली, 4 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास की डेमो चाभी, 5 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, 6 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रशस्ति पत्र, 1 महिला लाभार्थी को रिवॉल्विंग फण्ड का डेमो चेक, 1 बीसी सखी को थर्मल प्रिंटर तथा 5 बीसी सखियों को साड़ी का वितरण किया, साथ ही किसान लाभार्थियों को ट्रेक्टर की चाभी देकर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। योजनाओं का लाभ पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया। बैठक के उपरान्त प्रभारी मंत्री ने मीडिया बंधुओं से वार्ता करते हुए केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरुकता अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इस दौरान जिले में हुए विकास कार्यों को एक-एक कर पढ़कर सुनाया, इसके साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोई भी जनकल्याण से जुड़ी योजना बजट के अभाव में नहीं अटकेगी, शासन स्तर से जल्द से जल्द बजट आवंटित किया जाएगा, इसके अलावा जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनकी प्रगति सुधारने के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे और आगामी माह तक सभी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति हासिल की जाएगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, राज्य महिला आयोग की सदस्या अर्चना पटेल, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी एवं अतुल निरंजन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारियों में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य, एडीएम नमामि गंगे संजय मिश्र, सीएमओ डॉ इम्तयाज अहमद, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, डीआईओएस ओपी सिंह, डीसी उद्योग अतहर जमाल, डीआईओ डीएस दयाल, डीपीओ नरेन्द्र सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रामपुरा में तीन दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ



**-योजनाओं का लाभ पहुंचाने का लिया संकल्प**

**रामपुरा (जालौन)।** केंद्र सरकार के जनसेवा, सुशासन एवं लोककल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खण्ड रामपुरा के सभागार में रविवार से तीन दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। शिविर का आयोजन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तेज प्रताप सिंह (निक्की सेंगर) की अध्यक्षता एवं प्रभारी खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार गौतम के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। प्रभारी बीडीओ मनोज कुमार गौतम ने बताया कि 14 से 16 जून तक चलने वाले इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण एवं परामर्श दिया जा रहा है। समाज कल्याण, कृषि, पंचायतीराज, विकास विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां लोगों की समस्याओं का समाधान एवं योजनाओं में पंजीकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने परीक्षण कराया और निःशुल्क दवाइयाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम के दौरान दैनिक स्वतंत्र भारत के पत्रकार राकेश कुमार के जन्मदिवस पर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए पत्रकारिता में उनके योगदान की सराहना की। राकेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदैव जनसमस्याओं और जनहित के मुद्दों को निष्पक्षता के साथ उठाते रहेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तेज प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष राहुल सिंह सेंगर, ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव, पूर्व नगर अध्यक्ष अब्देश मिश्रा, सचिव अभिनव पाठक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति पत्र, डेमो चाभी व चेक

### अधिकारियों ने रात्रि निवास कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कराया निस्तारण

ललितपुर। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरुकता अभियान के तहत विकासखण्ड जखौरा के ग्राम कालापहाड़ में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में रात्रि जन चैपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा की गई , जिनका कार्यकाल सबसे लम्बा रहा, इसी उपलक्ष्य में आज ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की रात्रि चैपालों का आयोजन कर लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है व इसके साथ ही आज अधिकारीगण गांव में ही निवास कर आप सभी की समस्याओं को नोट करके उनका समाधान करायेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने केन्द्र सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने हर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार योजनाएं संचालित की हैं, जिससे हर पात्र व जरूरतमंद के जीवन में सुधार आ सके व जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आज रात्रि चैपाल का आयोजन इस उद्देश्य के साथ किया गया है कि आप सभी ग्रामीण जीवन से रूबरू हो सकें और उनकी समस्या को करीब से समझ सकें व उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आज की चैपाल में इस गांव में सभी योजनाओं जैसे आवास, शौचालय, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन व अन्य सभी योजनाओं का आच्छादन हो जाए, कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से अछूता न रहे। पुलिस अधीक्षक मुहम्मद मुश्ताक ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था इतनी सुदृढ़ हो गई है कि अब अपराधी अपराध करने से पहले सौ बार सोचता है, और यदि कोई अपराध कर भी देता है तो उसका अच्छे से इलाज होता है व इसके बाद चैपाल में विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र व डेमो चाभी का वितरण किया गया और महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्न प्रासन्न भी कराया गया और ग्रामीणों को केन्द्र सरकार के 12 साल की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, सीएमओ डॉ इम्तयाज अहमद, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, वीडीओ सौरभ वर्णवाल, डीआईओएस ओपी सिंह, डीसी उद्योग अतहर जमाल, डीपीओ नरेन्द्र सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर बांदा में सजा मानवता का महापर्व

**. जिलाधिकारी अमित आसेरी की मौजूदगी में 20 रक्तवीरों ने किया रक्तदान**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालयए बाँदा परिसर में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी बाँदा अमित आसेरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। विश्व रक्तदाता दिवस पर मैं सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं एवं आयोजकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके इस महान कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज जिन रक्तवीरों ने रक्तदान किया हैएउन्होंने समाज के सामने सेवा और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। मैं जनपदवासियों से अपील करता हूँ कि वे आगे आएँए नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।



रक्तदान न केवल किसी का जीवन बचाता हैए बल्कि समाज में मानवताए सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराजए सहायक पुलिस अधीक्षकध् क्षेत्राधिकारी नगरक्षेत्राधिकारी लाइन्स मेविस टाकए सअपर जिलाधिकारी नायिक श्री मायाशंकर यादव उपजिलाधिकारी नरैनी श्री अंजनी यादवए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण्बिजेन्द्र सिंहएमुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉण् किशुन कुमार तथा रक्तकेन्द्र प्रभारी डॉण्अंकित सिंहए चन्द्र मौली भारद्वाजएसुरेश कान्हाएयूट्यूबर राजेश श्रीवास्तव सहित अनेक प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तिगत रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर 20 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की रक्तवीरों में एसडीएम पैलानी श्री अंकित वर्माएएसडीएम नरैनी श्री अंजनी यादवएनायब तहसीलदार श्री धनंजय कुमारएतहसीलदार श्री विकास पाण्डेयएएसआई श्री अश्वनी प्रताप सिंहए अपर निदेशक पशुपालन विभाग श्री अशोक कुमारएयातायात पुलिस से मोण् हनीफ खानए एसआई श्री कुलदीप कुमार तिवारी सहित प्रिंस शुक्लाए अभय अवस्थीए अनुज विश्वकर्माए विनय ओमरए श्याम किशोर श्रीवास्तवए हिरदेश कुमार वर्माए अमन खानए प्रदीप सिंहए प्रभात कुमारए अनवर अलीए शिवम सिंह एवं मोहम्मद जुबेर सहित अन्य रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में सेवर्स ऑफ लाइफ ब्लड डोनर नेटवर्क एवं अमर उजाला फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा। सेवर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खानए महासचिव सुनील सक्सेनाए उपाध्यक्ष आसिफ अंसारीए मिथुन पुरस्वानी एवं शादाब अहमदए कोषाध्यक्ष जीशान उल हकए सचिव अभय सिंहए उपसचिव जुनैद सिद्दीकी तथा मीडिया प्रभारी आसिम अल्वीए बसंत गुप्ताएअशफाक अहमद सहित संगठन के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। रक्तकेन्द्र प्रभारी डाण् अंकित सिंहए डाण् अर्चना यादवए लैब टेक्नीशियन अनुराग पाण्डेयए सतीश सिंहए शंशाकए हरदेवए पीआरओ प्रमोद द्विवेदीए पंकज जायसवालए प्रमोद कुमार यादवए संजय कुमारए विनय कुमार एवं रक्तकेन्द्र की समस्त टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रसिद्ध उद्घोषक संजय काकोनियां ने किया।

## भजन की दुनिया में मचाया तहलकाए, रिलीज हुआ एलबम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** एक फोटो सहित। कभी पिछड़े क्षेत्रों में गिने जाने वाले जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और कोई भी प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होतीए बांदा की बेटी शिवांगी मिश्रा ने इस दावे को अक्षरशरू सच साबित कर दिखाया है। छोटे से शहर से निकलकर शिवांगी ने भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ रहकर न सिर्फ भजन गायन के गुर सीखे बल्कि अपनी प्रतिभा की दम पर जल्द ही जलोटा की विशेष कृपापात्र शिष्यों में शामिल हो गईं। जिसमें वह भजन सम्राट के साथ सह गायिका के तौर पर काम कर रही हैं।

शहर के स्वराज कालोनी मोहल्ला में रहने वाले शासकीय अधिवक्ता देवदत्त मिश्र और भाजपा की वरिष्ठ नेत्री अभिलाषा मिश्रा की सुपुत्री शिवांगी वैसे तो शहर में ही पली बढ़ी और प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की। लेकिन उसकी भजन गायन की रुचि ने उसके साथ ही पूरे परिवार व जनपद को गौरवान्वित होने का मौका दिया है। शिवांगी ने महान भजन गायक अनूप जलोटा के साथ रहकर उनसे भजन गायन के गुर सीखे और उनके भजन गाने का सपना पूरा कर दिखाया। हाल ही में प्रतिष्ठित टी.सीरीज ग्रुप ने शिवांगी का भजन एलबम आन मिलो घनश्याम रिलीज किया हैए जिसमें वह भजन सम्राट जलोटा के साथ सह गायिका के तौर गायन और अभिनय करतीं दिखाई दे रही हैं। भजन एलबम रिलीज होने के साथ ही उनके चाहने वालों की खुशी का ठिकाना न रहा और लोगों ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदीए नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू समेत शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने उनके भजन एलबम को जहां सोशल मीडिया में साझा किया हैए वहीं शहर के लोग उनके भजन को गुनगुनाने लगे हैं। बता दें कि शिवांगी ने अपनी रुचि के अनुसार चित्रकूट के ग्रामोदय विश्वविद्यालय और लखनऊ के भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय से संगीत की शिक्षा ग्रहण की।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर डीएम ने रक्तदान कर एनीमिया पीड़ित बालक को दिया जीवनदान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट।** विश्व रक्तदाता दिवस पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने रविवार को स्वयं रक्तदान कर एक अनूठी मिसाल पेश की। डीएम ने एनीमिया से जूझ रहे एक आठ वर्षीय बालक के लिए रक्तदान किया।

जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान जब अधीक्षक ने बताया कि यहां भर्ती ग्राम खडेहा निवासी श्यामसुंदर के आठ वर्षीय पुत्र दीपक एनीमिया से जूझ रहा है और उसे ओ-पॉजिटिव रक्त की तत्काल जरूरत है, तो डीएम ने बिना पल गंवाए स्वयं रक्तदान कर बच्चे को जीवनदान दिया। उनकी इस पहल ने शिविर में मौजूद लोगों को भावुक कर दिया। इसके बाद डीएम ने स्वैच्छिक रक्तदाताओं तथा इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभागों व संस्थाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त चिकित्सकों, कर्मचारियों व अधिकारियों को नियमित रक्तदान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय सहित चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा प्रतिवर्ष 14 जून को नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिवस पर विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। लैंडस्टीनर ने ही ब्लड ग्रुप सिस्टम की खोज की थी। इस वर्ष 2026 की थीम '' गिविंग ब्लड इज एन एक्ट ऑफ सालिडैरिटी- ज्वाइन द एफर्ट एण्ड सेव लाइव्स'' है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार एक यूनिट रक्तदान से तीन जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। भारत को प्रतिवर्ष लगभग 1.5 करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, जबकि उपलब्धता इससे कम रहती है। स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस विशेष महत्व रखता है ।

## सदर विधायक ने डेढ़ करोड़ के नौ विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बांदा विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्यों की बड़ी सौगात देते हुए 1ण्48 करोड़ की लागत से निर्मित 9 महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण किया। रविवार को को ग्राम पंचायत पल्हरीए शहर बांदा के वार्ड नंण् 19 धीरज नगर एवं ग्राम पंचायत लडकापुरवा के गंगा नगर मोहल्ले में बुंदेलखंड विकास निधि ;राज्यांशद्धिजलांशद्ध एवं विधायक निधि से निर्मित संपर्क मार्गए सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों को जनता को समर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने ग्राम पंचायत पल्हरी में 88ण्68 लाख की लागत से निर्मित पंचायत भवन से चौधरी के पुरवा तक मुख्य संपर्क मार्ग का फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके साथ ही गांव के विभिन्न मोहल्लों में लगभग 33 लाख की लागत से बनी कई सी0सी0 रोड एवं नालियों का भी उद्घाटन किया गयाए जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। साथ ही शहर बांदा के धीरज नगर एवं ग्राम पंचायत लडाका पुरवा के गंगा नगर मोहल्लों में लगभग 26ण्40 लाख की लागत से निर्मित तीन प्रमुख सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इन कार्यों से स्थानीय लोगों को खराब रास्तों एवं जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी तथा आवागमन और अधिक सुगम होगा। इस अवसर पर माण् विधायक श्री प्रकाश द्विवेदी जी ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथए सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। बांदा विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं और कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि सड़कए नाली और संपर्क मार्ग जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता हैए जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनूए चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासूए जिला उपाध्यक्ष राजभवन उपाध्यायए जिला मंत्री राजर्षी शुक्लाए नगर महामंत्री आशीष शुक्लाए अभय प्रताप सिंहए धीरू गौतमए सभासद योगेन्द्र योगीए सज्जन द्विवेदीए डॉ0 रामराज गुप्ता आनन्दए नगर मंत्री वन्दना त्रिपाठीए आशीष पाण्डेयए प्रधान प्रतिनिधि पल्हरी ओमप्रकाश प्रजापतिए अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

### जानुस्थिरासन के अभ्यास से मिलता है नाड़ी दोष और कमर दर्द से आराम- रमेश

चित्रकूट- जिला मुख्यालय के कुबेरगंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने रविवार को जानुस्थिरासन का अभ्यास कराया। इसे पद्म पर्वतासन और गोरक्षासन के नाम से भी जाना जाता है। यह आसन नाड़ी दोष दूर करने, कमर दर्द से मुक्ति दिलाने, एकाग्रता बढ़ाने और मानसिक दोष मिटाने में रामबाण है। योगाचार्य ने बताया कि इसके अभ्यास से शरीर में गजब का संतुलन आता है तथा ऊर्जा ऊर्ध्वमुखी होती है। इसमें पद्मासन के समस्त लाभ भी प्राप्त होते हैं। बताया कि इसे करने के लिए सबसे पहले दंडासन से पद्मासन में बैठकर दोनों हाथों के सहारे आगे झुकते हुए नितंबों को ऊपर उठाते है। इसके बाद संतुलन बनाते हुए दोनों घुटनों के सहारे खड़े होते है। इस दौरान हाथों को नमस्कार मुद्रा में रखते हुए कमर व मेरुदंड सीधा रखने का प्रयास करते है। इस पूर्ण स्थिति में श्वास-प्रश्वास सामान्य रखनी है। इसके बाद पैर बदलकर दोबारा इसका पूर्व की भांति अभ्यास दोहराएं। बताया कि इस आसन में अत्यधिक संतुलन की आवश्यकता होती है, इसलिए शुरुआत में दीवार के सहारे अभ्यास करना चाहिए और धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ाना चाहिए।

# चोरों ने घर से नगदी सहित उड़ाए जेवरात

**. अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम**

**नरैनी, बांदा।** अज्ञात चोरों ने बीच बाजार मौजूद घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया।घटना के समय मां और बेटी छत पर सो रही थी।शुभ नहरी के लक्ष्मी बाजार में मौजूद महेंद्र करवरिया पुत्र श्याम लाल के घर के दरवाजे की कुंडी कटर से काटकर लाखों का जेवर पार कर दिया। बड़े भाई रघुवंश ने बताया कि रात्र 1 बजे से लेकर 4 बजे के बीच की घटना है घर में माँ आशा देवी और बेटी अंजली घर के छत के ऊपर सो रही थी। चोरों की आहट भी इनको नहीं मिल पाई । पीड़ित आशा पत्नी महेंद्र ने बताया लाइट का वोल्टेज बहुत कम था गर्मी के कारण छत में जाकर के सो गई सुबह 4ण्20 पर जब वह छत के नीचे आई तो फ्रिज का ताला टूटा हुआ था और जिस कमरे में जेवरात रखे थे उस कमरे की कुंडी कटर द्वारा कटी थी। गैलरी का दरवाजा भी कटर के द्वारा काटा गया था यह सब देखकर के उसने शोर



मचाना शुरू किया और पड़ोसी इकट्ठा हो गए। सुबह होने पर घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर कोतवाली निरीक्षक भास्कर मिश्रा क्राइम इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह चौकी प्रभारी अनिल कुमार साहू सहित फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी ।इस दौरान पुलिस ने सर्च आपरेशन के दौरा गांव के पहाड़ के नीचे खाली टूटा और सामान बिखरा मिला।जिसको तोड़कर चोर जेवरात निकाल ले गए। बक्से वहीं फेंक करके भाग गए।घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।पीड़ित आशा ने बताया कि सोने का हार सोने की चूड़ियां मंगलसूत्र बेसर बेंदी झुमकी लगभग 50 लाख का जेवर चोर ले गए।साथ ही बक्से में रखे 6000 रुपए नगद।पड़ोस के रहने वाले प्रशांत पांडे पप्पू अहिरवार सिद्धपाल आदि ने बताया कि पूरे गांव एवं मोहल्ले में दहशत का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कडाई के साथ की जा रही है फारेंसिक टीम ने भी जांच में लगी है।जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश जारी है।

## नाटक के माध्यम से वनवासी बालिकाओं ने दिया मंदाकिनी बचाने का संदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट।** अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा आयोजित एक माह के ग्रीष्मकालीन नेतृत्व विकास शिविर के समापन समारोह में प्रतिभागी वनवासी बालिकाओं ने 'मां मंदाकिनी की करुण पुकार' नाट्य मंचन के जरिये नदी प्रदूषण और अतिक्रमण के खिलाफ संदेश दिया । शिविर के समापन समारोह में प्रतिभागी बालिकाओं ने नाटक के माध्यम से दिखाया कि किस प्रकार शौचालयों का गंदा पानी, प्लास्टिक व कचरे का नदी में प्रवाह, तटों पर अतिक्रमण, नदी को बांधना-पाटना और कपड़े धोने जैसी गतिविधियां मंदाकिनी को दूषित कर रही हैं। बालिकाओं ने चेताया कि यदि समय रहते यह सब नहीं रोका गया तो चित्रकूट को भीषण जल एवं पर्यावरणीय संकट झेलना पड़ेगा। नाटक में नदी को स्वच्छ, निर्मल व अविरल बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय भी सुझाए गए। इस दौरान शिविर में सीखी गई सांस्कृतिक विधाओं की प्रस्तुतियों ने समारोह को शानदार बना दिया। कथक नृत्य, लोकगीत तथा बुंदेलखंड के पारंपरिक लोकनृत्य राई, कोल्हाई व बलमा की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। शिविर व्यवस्थापिकाओं भारती व संध्या ने बालिकाओं के एक माह के प्रशिक्षण की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रीना सिंह ने किया। इस मौके पर कामतानाथ मुखारविंद के महंत मदनगोपाल दास, महिला महाविद्यालय बस्ती से आई डॉ. प्रियंका, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, संस्थान के निदेशक राष्ट्रदीप, संस्थान के अध्यक्ष राजेश सिन्हा, संस्थापक गोपाल भाई, प्रशिक्षिका आकांक्षा, रोजी दुबे, बूटी आदि मौजूद रहे।

## डिंगवाही नाले के पास जुआ खेलते 3 आरोपी गिरफ्तार

बांदा। जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए हार.जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे तीन अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फड़ और जामातलाशी के दौरान कुल 68ए350 रुपये नकदए ताश के पत्ते और तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारए यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में की गई। दिनांक 13 व 14 जून 2026 की देर रात कोतवाली नगर पुलिस क्षेत्र में गश्त और चेकिंग पर थी। इसी दौरान मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि डिंगवाही गांव में नाले के पास कुछ लोग बड़े पैमाने पर हार.जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही अतर्रा चुंगी चौकी प्रभारी उत्कर्ष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और छापेमारी कर तीन जुआरियों को दबोच लिया। पुलिस ने मौके और अभियुक्तों की तलाशी के दौरान निम्नलिखित सामान बरामद किया है ।नकद राशि माल.फड़ और जामातलाशी से कुल 68ए350 रुपयेए 52 अदद ताश के पत्तेए मौके से 03 मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। पकड़े गए आरोपी बांदा और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं । महेश कुमार उर्फ पुत्र धनीराम कृ निवासीरू छावनीए थाना कोतवाली नगरए बांदा।ए राजकिशोर पुत्र रामसेवक निवासी करछाए थाना मटौंधए बांदा। बैजनाथ पुत्र सुखदेव निवासी डाडीपुरवा महोखरए थाना कोतवाली देहातए बांदा। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना कोतवाली नगर में सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कामयाबी में अतर्रा चुंगी चौकी प्रभारी उत्कर्ष सिंह के साथ कांस्टेबल चन्द्रपाल सिंहए कांस्टेबल इन्द्रपाल सिंहए कांस्टेबल सत्यम गुर्जरए कांस्टेबल रविन्द्र कुमार और कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार की मुख्य भूमिका रही।

# जनशिकायतों के निस्तारण एवं पेयजल.विद्युत व्यवस्था को लेकर आयुक्त ने अपनाया सख्त रुख

**बांदा।** आयुक्तए चित्रकूटधाम मण्डलए बाँदा अजीत कुमार द्वारा जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण प्रणाली को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ताए उत्तर प्रदेश जल निगम ;ग्रामीणद्धए बाँदा एवं अधिशासी अभियन्ताए उत्तर प्रदेश जल निगम ;ग्रामीणद्धए चित्रकूट द्वारा प्रस्तुत निस्तारण आख्या का गहन परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरान्त निस्तारण आख्या संतोषजनक न पाए जाने पर आयुक्त द्वारा दोनों अधिशासी अभियन्ताओं के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक जनशिकायत का समयबद्धए गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता के रूप में न किया जाए।



आयुक्त ने निर्देशित किया कि जनपद के किसी भी ग्राम में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक ग्राम में नियमितए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए तथा जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कार्यों के दौरान खोदी गयी सड़कों एवं मार्गों को तत्काल मानक के अनुरूप पुनर्स्थापित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का निस्तारण केवल अभिलेखों में नहीं बल्कि स्थलीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए किया जाए। भविष्य में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा भ्रामक आख्या प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। इसी क्रम में दैनिक समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रकाशित विद्युत आपूर्ति संबंधी समाचारों का भी आयुक्त महोदय द्वारा गंभीर संज्ञान लिया गया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्बाध एवं नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा आंधीए तेज हवा अथवा अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त विद्युत पोलए लाइन एवं ट्रांसफार्मरों की मरम्मत तत्काल कराई जाए। आयुक्त ने कहा कि आमजन को किसी भी दशा में विद्युत आपूर्ति संबंधी अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में विभागीय अधिकारी त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। विद्युत वितरण व्यवस्था में लापरवाहीए उदासीनता अथवा अनावश्यक विलम्ब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं विद्युत दोनों ही आमजन की मूलभूत आवश्यकताएं हैं तथा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। अतः इन सेवाओं के संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाहीए उदासीनता अथवा शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि जनहित से जुड़े कार्यों का नियमित अनुश्रवण करते हुए समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।

# अभियान चलाकर जेसीबी से ध्वस्त किए गए अवैध चबूतरे और निर्माण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट-** मऊ नगर पंचायत में बरगढ़ मोड़ से चैराहा होते हुए बाजार तक जाने वाले मार्ग पर रविवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। एसडीएम राम ऋषि रमन के निर्देशन में जेसीबी मशीन लगाकर सड़क के दोनों ओर दुकानदारों व मकान मालिकों द्वारा बनाए गए अवैध चबूतरों और अन्य निर्माणों को ध्वस्त कराया गया। दुकानदारों व मकान स्वामियों द्वारा किए गए अतिक्रमण से सड़क से आवागमन करने में बाधा आती थी। साथ ही हादसों का खतरा बना रहता था। जिसके क्रम मे रविवार को एसडीएम के नेतृत्व में नगर पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया। एसडीएम ने बताया कि कार्रवाई से पहले अतिक्रमणकारियों को लाउडस्पीकर से कई बार चेतावनी दी गई थी और स्वयं कब्जा हटाने का समय दिया गया था। निर्धारित समय बीतने के बाद अतिक्रमण न हटाए जाने पर प्रशासन को जेसीबी चलानी पड़ी। कहा कि क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार जारी रहेगा और दोबारा कब्जा करने पर तत्काल कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण न करें और प्रशासन का सहयोग करें। प्रशासन की इस कार्रवाई से सड़क चैड़ीकरण का रास्ता साफ हो गया है और स्थानीय लोगों को जाम व हादसों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। इस मौके पर लेखपाल संगम पाल, बरगढ़ थाना पुलिस व क्षेत्र के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार के संरक्षण में बांदा जिले का प्राकृतिक उत्पीड़न चरम पर : विधायक

**. जिले के अवैध खनन, ओवरलोड को लेकर सरकार को घेरा**

बांदा। रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा बांदा में अति संवेदनशील मुद्दा अवैध खननए ओवर लोडएजल जंगल जमीनए के विषय में एक प्रेस वार्ता संपन्न हुईए बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने पत्रकारों से कहाएबीते मई में देश दुनिया के पैमाने पर बांदा जिला सबसे गर्म इलाका बना है। जिले का लगातार तीन दिन सबसे गर्म बने रहना चिंतित करता हैएलोगों को असहनीय गर्मी से मुकाबिल होना पड़ा है। दरअसलए बेलगाम अवैध खनन ने हालात बदतर बना दिए हैं। नदियां मारी जा रही हैं। पहाड़ उड़ाए जा रहे हैं। सारा महापाप सत्ता के संरक्षण में हो रहा है। आरोप लगायाए धनलोलुप भाजपा सरकार के पालित पोषित ठेकेदार नियमों को ताक में रखकर निर्ममता से नदियों का सीना छलनी कर रहे हैं तो दूसरी ओर डायनामाइट से पहाड़ों के परखच्चे उड़ा रहे हैं। अवैध खनन ने भयंकर रूप ले लिया है। लेकिनए भाजपा सरकार बेफिक्र बनी हुई है।

सपा विधायक यादव ने पत्रकार वार्ता में कहाए भाजपा सरकार के संरक्षण में बांदा जिले का प्राकृतिक उत्पीड़न चरम पर है। पहले केनए बागेनए रंजए चंद्रावल आदि नदियों की लहराती जलराशि गर्म हवाओं से टकराकर लोगों की राहत का सबब बनती थीए अब नदियों से जल गायब है। कहीं सूखा तो कहीं नाला है। खननपापियों ने नदियों को कुरूप बना दिया है। कहने कोए जिले की नदियों में तकरीबन 26 बालू खदानें संचालित हैं। लेकिन सौ के करीब अवैध खदानें भी गुलजार हैं। वैध खदानों में भी नियमों की धज्जियां उड़ती हैं। बेधड़क गरजती मशीनें दिन रात नदियों को मारने में आमादा हैं।उन्होंने कहाए यही स्थिति गिरवा और नरैनी इलाकों में पहाड़ों की है। उन्होंने कहाए करीब 4ए400 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के बांदा जिले में महज तीन फीसद वन क्षेत्र है। यह तब है जब हर साल लगभग 70 लाख पौधे रोपे जा रहेहैं। हर साल पौधारोपण का ढोल पीटा जाता है। लेकिन




हासिल के नाम पर सिरे से निल बटा सन्नाटा दिखता है। इसकी जांच होनी चाहिए। लेकिन ऐसी मांगें सरकार में नक्कारखाने की तूती साबित होती हैं। विधायक यादव ने कहाए खनन आदि कारणों से दिख रहे दुष्प्रभाव का असर पैदावार चक्र में नजर आने लगा है। जिले का देश दुनिया में सबसे गर्म इलाका बनना चिंताजनक आहट है। रेगिस्तान बनने से पहले चेतने की जरूरत है। इसके परिणामस्वरूप भीषण गर्मी तापमान 49 डिग्री तक पहच जाना सामान्य हो गया है। गहराते जल संकट और उपजाऊ भूमि के बंजर होने का खतरा मंडरा रहा है। बांदा में प्रकृति से खिलवाड़ और उससे उपजे प्रमुख खतरों का प्रमुख कारण अनियंत्रित खनन और पहाड़ों का विनाश है। केन नदी में अवैध खनन उसके प्राकृतिक बहाव और पारिस्थितिकी तंत्र के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। स्थानीय स्तर पर पहाड़ों और चट्टानों की अंधाधुंध कटाई से भूजल स्तर में भारी गिरावट आ रही है। अवैध खनन और तालाबोंध्पोखरों के अतिक्रमण के कारण बारिश का पानी सही से जमीन के अंदर नहीं जा पाता है। बांदा में अक्सर भीषण गर्मी के मौसम में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड किया गया हैए जो सीधे तौर पर पर्यावरण असंतुलन और कंक्रीट के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। बढ़ते तापमान और हरियाली की कमी केकारण गर्म हवाओं का प्रभाव जानलेवा स्तर तक बढ़ जाता है। कृषि और पानी की कमी के चलते स्थानीय निवासियों और किसानों को आजीविका की तलाश में मजबूरन पलायन करना पड़ रहा है। प्रकृति के इस असंतुलन को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपणए तालाबों का संरक्षण और खनन माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। पूर्व में बबेरू विधायक जी ने इस तरह की शिकायत जिला अधिकारी महोदय की जा चुकी है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैंने देखा कि चरका खदान जो बबेरू क्षेत्र में स्थित हैए उसमें खदान मालिक व संचालकों ने मरका से लेकर चरका तक नहर पटरी पर बनी पक्की सड़क पर दो.दोए तीन.तीन फिट मिट्टी डालकर रोड बाधित कर दियाए चरका से बीरा तक पक्की सड़क में दो.दोए तीन.तीन फिट मिट्टी डालकर पूरा रास्ता बाधित कर दियाए आने वाले समय में बरसात होगीए जिससे 15 से 20 गांवों का आवागमन बाधित हो जायेगा। पिछले वर्ष भी यही समस्या रही है। ग्रामीणों ने भ्रमण के दौरान शिकायत कीए खदान का पट्टा एक जगह है। परन्तु कई जगह चरका में अवैध खनन चल रहा है। रास्ते से मिट्टी हटवाकर आम रास्ता सुचारू रूप से संचालित कराया जाये और अवैध खनन करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये। सीमांकन के बाहर अवैध खनन चल रहा है इस मौके लोक सभा प्रभारी उमेश यादवएयूजन सभा राष्ट्रीय सचिव ओम नारायण त्रिपाठी विदितएछात्र सभा राष्ट्रीय सचिव निण्जिला मीडिया प्रभारीध् प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजाए मुमताज अलीएवृंदावन वैश्यएराजकुमार गुप्ता राजूएवीरेंद्र गुप्ता बाबूए प्रियांशु गुप्ताएविद्यासागर तिवारीएनीलम गुप्ता छेदी लाल गुप्ताएअशोक गौरएआमिर खान मन्त्रीएनिलेश श्रीवासएअशोक श्रीवासए विजय करण यादवएएजाज खानएरजनी यादवएलालमन यादवएप्रमोद निषादएअबरार फारूकीएरहीस खानएमनी कश्यप आदि मौजूद रहे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन, ग्रामीणों को दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड हलिया सभागार में रविवार को विशेष जनसम्पर्क सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पीएम किसान गौरव दिवस और खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों और महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में मंच पर मौजूद एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, बीटीएम सर्वेश मिश्रा, एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद ने कृषि, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। किसानों को खेती में नई तकनीकों, फसल बीमा, मृदा परीक्षण और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभ लेने के तरीके समझाए गए। आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और किसान उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचे, इसलिए इस तरह के शिविर गांव-गांव तक ले जाए जा रहे हैं।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योजनाओं को लेकर सवाल भी पूछे, जिनका अधिकारियों ने मौके पर समाधान किया।

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बढ़नी ब्लॉक में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास खंड बढ़नी परिसर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन रविवार से शुरू हुआ। यह शिविर 14 जून से 16 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, आयुष, वन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग तथा लघु सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी संचालित की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। कृषि विभाग ने किसानों को उन्नत खेती, फसल प्रबंधन तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की टीम ने स्वयं सहायता समूहों एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं पर प्रकाश डाला। शिविर में लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता संतोष कुमार गुप्ता, पंचायती राज विभाग के एडीओ पंचायत राम विलास, शिवराम, जनार्दन पांडेय, अरशद कलाम, कृषि विभाग के कन्हैया लाल, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की रूपमणि पांडेय, सालेहा खातून, रुक्मणि पांडेय, आयुष विभाग के डॉ. अजय कुमार प्रजापति, रामनाथ यादव, विकसित भारत अभियान से रामजी एवं दिनेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग की हेमा साहू, पंकज वर्मा, सोनिया थापा, अवनीश, डॉ. विजय, डॉ. ओ.पी., स्नेहलता, लक्ष्मी यादव, खाद्य एवं रसद विभाग के राणा प्रताप सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रश्मि मिश्रा, चंद्रवती, प्रमिला यादव, बेसिक शिक्षा विभाग के निसार अहमद, अनिरुद्ध कुमार आर्य, उमेश गुप्ता, महेंद्र कुमार मिश्रा, कुर्बान अली तथा वन विभाग के मंथराम एवं संतोष कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजकों ने बताया कि तीनों दिनों तक जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## सपा के जोन प्रभारी बने महेंद्र



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष मुकुंद लाल यादव ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से हलिया कस्बा निवासी महेंद्र उपाध्याय को जोन प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी हाईकमान द्वारा जारी सूची में उनका नाम शामिल होने के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।महेंद्र उपाध्याय को यह जिम्मेदारी उनके संगठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ को देखते हुए दी गई है। नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सक्रिय होगा।जोन प्रभारी बनने के बाद महेंद्र उपाध्याय ने कहा कि पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की आवाज को हर स्तर तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर 2027 के चुनावों की तैयारी में जुटने की अपील की। समर्थकों का कहना है कि महेंद्र उपाध्याय की नियुक्ति से क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिलेगी और नए कार्यकर्ता जुड़ेंगे।

# आरोग्य मेला का हुआ आयोजन 196 मरीजों का उपचार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 56 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 43 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 47 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज चिकित्सक बालकृष्ण मिश्रा ने 49 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली चिकित्सक मनीष कुमार ने 41 मरीजों का उपचार किया कुल 196 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा लिया। सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लगा, जन कल्याणकारी शिविर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हलिया विकास खंड मुख्यालय पर रविवार से मंगलवार तक तीन दिवसीय समेकित जन कल्याणकारी एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी हलिया द्वारा जिलाधिकारी मिर्जापुर के निर्देश पर विकास खंड मुख्यालय पर जन कल्याणकारी शिविर/कैंप का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में हलिया में तीन दिवसीय शिविर लगाया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य, बाल विकास, शिक्षा, पशुपालन, जल जीवन मिशन, मनरेगा, कृषि और अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी और लाभ दिए जाएंगे। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभागीय स्टाल लगाकर योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं।खण्ड विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिविर में किसी भी प्रकार की लापरवाही और शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। सभी अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## सरवाइकल कैंसर से बचाव हेतु 30 किशोरियों का किया गया टीकाकरण



**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी के अंतर्गत अकरहरा, मोहनकोला एवं भुतहवा ग्रामों में सरवाइकल कैंसर से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 14 वर्ष आयु वर्ग की कुल 30 किशोरियों का वैक्सीनेशन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को भविष्य में होने वाले सरवाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है। टीकाकरण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को इस बीमारी, इसके कारणों तथा बचाव के उपायों के संबंध में भी जागरूक किया। मोहनकोला क्षेत्र में आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में एएनएम फिरदौस फातिमा एवं प्रियंका कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दोनों स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर संपर्क कर पात्र किशोरियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया तथा अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी के प्रभारी अविनाश चौधरी ने बताया कि सरवाइकल कैंसर से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे जागरूकता एवं टीकाकरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक किशोरियों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके।

## विकास खण्ड सभागार में मनाया गया केंद्र सरकार के12 वर्ष पूर्ण होने का कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत हलिया(मिर्जापुर)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को विकास खण्ड सभागार हलिया में सरकार की उपलब्धियों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया ने बताया कि विकास खण्ड में 34,032 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।सभागार में फार्मर रजिस्ट्री, आयुष्मान कार्ड, सेनेटरी पैड, पशुपालन, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। जिन लोगों को किसी योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें मौके पर ही पंजीकरण कर लाभान्वित करने की व्यवस्था की गई। अधिकारियों ने मौजूद लोगों को बताया कि योजनाओं का लाभ कैसे लिया जाए और इसके लिए कौन से दस्तावेज जरूरी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं और ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद, बीटीएम सर्वेश मिश्रा, डॉक्टर रीना पटेल, प्रदीप कुमार मौर्य, आदि मौजूद रहे।

## रानीपुर में जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रानीपुर विकास खंड परिसर में केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया।स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई, जबकि कृषि, पशुपालन, समाज कल्याण, मनरेगा, आवास और पंचायत विभाग ने अपनी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया।

## बढ़ रहे हैं किडनी स्टोन के मरीज पर्याप्त पानी पीने की सलाह

**स्वतंत्र भारत मऊ।** प्रेमा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सर्जन डॉ. अरशद ने बताया कि बदलती जीवनशैली और कम पानी पीने की आदत के कारण गुर्दे में पथरी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और खान-पान पर ध्यान देने से पथरी की समस्या से काफी हद तक बचा जा सकता है।डॉ. अरशद ने सलाह दी कि लोगों को प्रतिदिन 2 से 3 लीटर पानी पीना चाहिए। उन्होंने बताया कि शुरुआती अवस्था में पथरी का इलाज दवा और पर्याप्त पानी से संभव है, लेकिन बड़ी पथरी होने पर ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ सकती है। समय पर जांच और उपचार न कराने से किडनी को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

## कार सवार के साथ मारपीट करने वाले दो नामजद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के तिलाव कलंदर पुर निवासी सत्यम सिंह ने रविवार को थाने में तहरीर देकर दो नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की शनिवार को 12बजे रात्रि अपने साथी बंजारी कला गांव निवासी मोतीलाल कोल व ज्ञान कुमार व लालगंज थाना क्षेत्र के कटाई गांव निवासी अभिमन्यु सिंह के साथ कार से बंजारी कला अपने साथी को घर छोड़ने जा रहे थे की पंवारी कला गांव में पंवारी कला गांव निवासी गोपाल सिंह व मनधारी सिंह व तीन अज्ञात रोककर गाली गलौज देते हुए मारपीट कर चोटिल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की कार सवार के साथ मारपीट करने वाले दो नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# अंकित मिश्रा बने चार्टेड अकाउंटेंट, क्षेत्र में हर्ष

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी मोतीलाल मिश्रा के छोटे भाई अमर नाथ मिश्रा के पुत्र अंकित मिश्रा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और पूरे गांव में खुशी का माहौल है।अंकित ने कक्षा 1 से 12 तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय, नई दिल्ली से सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत पूरी की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.कॉम की डिग्री हासिल की। उच्च शिक्षा के दौरान उन्होंने भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान् की कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सीए की उपाधि प्राप्त की।गांव वालों का कहना है कि अंकित बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और घर से बाहर रहकर उन्होंने कठिन परिश्रम और लगन से यह मुकाम हासिल किया। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने कहा कि अंकित की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सफलता से हम सभी गर्व महसूस कर रहे हैं।

## छप्पर की दुकान में आग लगने से सामान राख

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना अंतर्गत गोंदाही चौराहे पर गरीब दंपति छप्पर डालकर चाय लाई चना आदि सामान रखकर दुकान चलाकर परिवार का पेट पालता है।मोती लाल व उनकी पत्नी पूनम दुकान करते है और रात मे वहीं सो जाते है। गरीब दंपति ने बताया कि बुधवार की रात करीब 9 बजे हल्की बारिश हो रही थी,दुकान बंदकर गोंदाही गांव मे स्थित घर पर चले गए,इसी दरमियान उनकी छप्पर की दुकान में आग लग गई,जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया,आग से एल्यूमिनियम के बर्तन पिघल गए साथ में गृहस्थी का सामान राख हो गया,अब परिवार के सामने पेट पालने की आफत बन गई है।

## सादात में राजमिस्त्री की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रामपुर चकिया निवासी 26 वर्षीय राजमिस्त्री विजय बहादुर की गाजीपुर जनपद के सादात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है।परिजनों के अनुसार विजय बहादुर ठेकेदार के माध्यम से सादात में काम करने गया था। शनिवार रात पेट दर्द की शिकायत के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने संदेह जताया कि ठेकेदार और अन्य मजदूरों के लापता होने से मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# बाइक व टोटो की टक्कर, बाइक चालक सहित टोटो सवार छह: घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बस्तरा राजा गांव में रविवार की दोपहर टोटो व बाइक की टक्कर होने से बाइक चालक सहित टोटो सवार छह लोग घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को एम्बुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जहां पर चिकित्सक द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है प्रयागराज जनपद के मांडा थाना क्षेत्र के हाटा पूरा पाण्डेय निवासी 32 वर्षीय किराया देवी टोटो बुक कर 32 वर्षीय रेखा देवी, 15 वर्षीय अंकित, 10 वर्षीय अमित व 6 वर्षीय आदित्य व रिश्तेदार लालगंज के पचोखर गांव निवासी 50 वर्षीय विमला देवी के साथ लालगंज से उपचार कराने के बाद वापस लौट रहे थे की जैसे ही लालगंज के बस्तरा गांव में पहुंचे की सामने से आ रहे बाइक चालक बिजनौर निवासी 50 वर्षीय सुरजीत सिंह की बाइक से टोटो की आमने सामने टक्कर होने से बाइक चालक व टोटो सवार लोग घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सेवा 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस चालक विनोद यादव व ईएमटी संतोष भारतीय ने घायलों को उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जहां पर चिकित्सक द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

### विधानसभा प्रत्याशी चयन एवं संगठन विस्तार पर हुआ मंथन



**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को बंजारी मोड़ स्थित होटल राधा कृष्णा पैलेस में संपन्न हुई। यह बैठक उत्तर प्रदेश प्रभारी व पूर्व डीआईजी जुगुल किशोर तिवारी के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संभावित प्रत्याशियों के नामों और संगठन के नए पदाधिकारियों की सूची पर भी मंथन हुआ, जिसे वरिष्ठ नेतृत्व के विचार-विमर्श के बाद जल्द ही आधिकारिक तौर पर जारी किया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित दीपक त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष अमर नाथ शुक्ल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए मोर्चा को एक सशक्त राजनीतिक विकल्प बनाने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में एडवोकेट राम नारायण मिश्र, एडवोकेट बाबू राम तिवारी, रवि श्रीवास्तव, दिलीप त्रिपाठी और कृपाराम मिश्र सहित कई गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुहम्मदाबाद गोहना में तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक परिसर में रविवार को तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन भाजपा की पूर्व प्रत्याशी पूनम सरोज एवं डॉ. उमेश सरोज ने फीता काटकर किया।मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप व मधुमेह परीक्षण कर निश्शुल्क दवाएं और चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. रामबदन ने अतिथियों का स्वागत किया। वक्ताओं ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## पुरुषोत्तम मास में विष्णु कथा श्रवण, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के सैदपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पुरुषोत्तम मास (मलमास) के अवसर पर महिला मंडली द्वारा भगवान विष्णु की कथा का आयोजन किया गया। कथा में आजमगढ़ एवं स्थानीय पुरोहितों ने पुरुषोत्तम मास के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान श्रद्धालुओं ने महामृत्युंजय जाप, रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कथा के उपरांत हवन-पूजन सम्पन्न हुआ तथा भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।


**सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र**
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
प्लॉट नं. 15 ए, सेक्टर–7, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने की योजना**

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, रंगमंच, दृश्य कला, लोक, पारम्परिक एवं स्वदेशी कलाओं तथा सुगम शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में "विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की योजना" के अंतर्गत ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

कृपया ध्यान दें: आवेदन पत्र वर्ष 2026–27 के लिए आमंत्रित किये जा रहे हैं जो 15 जून 2026 से प्रभावी होंगे। इस वर्ष प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों की संख्या 400 है। योजना का विवरण आवेदकों हेतु निर्देश, योग्यता एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र का स्वरूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र की निम्नलिखित वेबसाईटों पर उपलब्ध है :–

**www.indiaculture.gov.in, www.ccrtindia.gov.in**

**आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है।**

**आवेदन पत्र केवल ऑफलाइन माध्यम द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे।**

CBC 09127/11/0003/2627


# जिलास्तरीय बैठक में कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का आग्रह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** भाजपा कार्यालय मे रविवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक मे मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह,काशी क्षेत्र प्रभारी व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य,जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल व विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य,पूर्व विधायक रानीगंज धीरज ओझा उपस्थित रहे।बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजेश मिश्र राजन ने किया।प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ता,जिला एवं मंडल पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करें।जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल ने निर्देश दिए कि आगामी सभी शक्ति केंद्रों पर निश्चित तिथि पर बैठकों का आयोजन किया जाए और प्रत्येक मंडल प्रभारी अपने-अपने मंडलों मे बैठक कर मजबूती से कार्य योजना बनवाएं।जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सचेत किया कि बिना खुद बैठकों मे शामिल हुए गलत रिपोर्टिंग करने से संगठन कमजोर होगा।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



**स्वतंत्र भारत**

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

